



RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक

दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल






वर्ष- 13, अंक - 258 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, मंगलवार 5 जुलाई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# एक और उपलब्धिः राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ की नीतियों को फिर मिला सम्मान

## केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में किया सम्मानित, मुख्यमंत्री बघेल और उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने उद्योग विभाग को दी बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की नीतियों को एक बार फिर केन्द्र सरकार ने सराहा है। केन्द्रीय उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा आज स्टेट्स स्टार्टअप रैंकिंग की घोषणा की गई। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को प्रदेश में स्टार्टअप्स ईकोसिस्टम के विकास हेतु एस्पायरिंग लीडर के रूप में सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने इस उपलब्धि के लिए उद्योग विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की वर्तमान औद्योगिक नीति 2019-24 के अंतर्गत स्टार्टअप इकाइयों को लाभान्वित करने हेतु स्टार्टअप पैकेज लागू किया गया है। राज्य में कुल 748 स्टार्टअप पंजीकृत है। एस्पायरिंग लीडर के रूप में छत्तीसगढ़ को प्रदान किए गए प्रशस्ति पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए कई सराहनीय पहल की गई है। जिनमें स्टार्टअप पॉलीसी की स्थापना, स्टार्टअप्स के लिए करों में छूट और अनुदान का प्रावधान और इन्क्यूबेटर्स की स्थापना और उनका उन्नयन प्रमुख पहल है। इन्क्यूबेटर्स के माध्यम से स्टार्टअप्स के लिए को-वर्किंग स्पेस, मेंटरशिप, फंडिंग और प्रौद्योगिकी सपोर्ट के प्रावधान किए गए हैं।

केन्द्रीय मंत्री द्वारा स्टार्टअप क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु छत्तीसगढ़ के तीन अधिकारियों अनुराग पांडेय, विशेष सचिव वाणिज्य एवं




उद्योग विभाग, प्रवीण शुक्ला अपर संचालक उद्योग, एवं श्रीमती सुमन देवांगन सहायक संचालक को सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक नीति- 2019-24 के अंतर्गत स्टार्टअप इकाईयों को प्रोत्साहित करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य स्टार्टअप पैकेज लागू किया गया है। भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त इकाईयों को छत्तीसगढ़ में स्थापित होने पर विशेष प्रोत्साहन पैकेज घोषित किया गया है। पैकेज के तहत ब्याज अनुदान अधिकतम 70 प्रतिशत अधिकतम 11 वर्ष के लिए, स्थायी पूंजी निवेश अनुदान अधिकतम 55 प्रतिशत, नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति अधिकतम 15 वर्ष तक, विद्युत शुल्क छूट अधिकतम 10 वर्ष तक एवं पात्रता अनुसार औद्योगिक नीति 2019-24 में उल्लेखित अन्य अनुदान जैसी भू-प्रब्याजी में छूट, स्टाम्प शुल्क छूट, परियोजना प्रतिवेदन में छूट आदि की सुविधा प्रदान की जाती है। स्टार्टअप को तीन वर्षों तक भवन किराए का 40 प्रतिशत, जिसकी अधिकतम सीमा 8 हजार रूपए प्रति माह प्रतिपूर्ति दी जा रही है और स्टार्टअप इकाईयों द्वारा सेमिनार, वर्कशॉप, संगोष्ठी, प्रदर्शनी में भाग लिए जाने पर 50 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति, जिसकी अधिकतम सीमा एक लाख रूपए प्रति वर्ष होगी, दी जा रही है। राज्य में स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने इन्क्यूबेटर की स्थापना के लिए किए जाने वाले व्यय का 50 प्रतिशत अधिकतम राशि 50 लाख रूपए एवं संचालन के लिए 3 लाख रूपए प्रति वर्ष अनुदान के रूप में दिया जा रहा है।

औद्योगिक पुरस्कार योजना पुरस्कार योजना के अंतर्गत स्टार्टअप श्रेणी में भी पुरस्कार देने का प्रावधान किया गया है। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों के रूप में क्रमशः 1,51,000 रूपए, 1,00,000 रूपए एवं 51,000 रूपए की राशि एवं प्रशस्ति पत्र देने का प्रावधान किया गया है।

## खास खबर

### चीनी कंपनियों पर बड़ा एक्शन, देशभर में 44 ठिकानों पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीनी स्मार्टफोन मोबाइल निर्माता वीवो व उससे संबंधित कंपनियों के खिलाफ मंगलवार को ईडी की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई। ईडी की टीम ने देशभर में वीवो व उससे संबंधित कंपनियों के 44 ठिकानों पर छापेमारी की। जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश समेत दक्षिण भारत के कई राज्यों में ईडी की ओर से यह कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक, यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की गई है। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी जारी है और जरूरी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इस मामले में सीबीआई भी जांच कर रही है। बता दें, चाइनीज फर्म पहले से ही भारतीय जांच एजेंसियों के निशाने पर हैं।

### स्पाइसजेट फ्लाइट की पाकिस्तान में इमरजेंसी लैंडिंग, दिल्ली से दुबई जा रहा था विमान

**कराची (एजेंसी)।** दिल्ली से दुबई जाने वाली स्पाइसजेट की स्त्र-11 फ्लाइट में तकनीकी खराबी आने के बाद पाकिस्तान के कराची में इमरजेंसी लैंडिंग की गई। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। अधिक विवरण की प्रतीक्षा है। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने घटना की जानकारी देते हुए बताया लाइट में तकनीकी खराबी के कारण कि स्पाइसजेट क्ष्737 विमान को कराची की ओर मोड़ दिया गया। विमान कराची में सुरक्षित उतर गया और यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। प्रवक्ता ने आगे कहा कि लैंडिंग के दौरान कोई आपात स्थिति घोषित नहीं की गई और विमान की सामान्य लैंडिंग हुई। विमान के साथ किसी भी खराबी की पहले कोई रिपोर्ट नहीं थी। यात्रियों को जलपान कराया गया है। एक दूसरा विमान कराची भेजा जा रहा है जो यात्रियों को दुबई ले जाएगा।

## राष्ट्रपति चुनावः छत्तीसगढ़ में 29 सीटें अनुसूचित जनजाति को आरक्षित

# किसे मिलेगा आदिवासियों का वोट?

**रायपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने द्रौपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाया है। वहीं संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) ने यशवंत सिन्हा को प्रत्याशी घोषित किया है। भाजपा के आदिवासी कार्ड ने यूपीए के विपक्षी दलों को चुनाव में समर्थन के मुद्दे पर पशोपेश में डाल दिया है। द्रौपदी मुर्मू छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य ओडिशा की निवासी और वे प्रदेश के पड़ोसी राज्य झारखंड में लंबे समय तक राज्यपाल रहीं।

छत्तीसगढ़ के 90 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 71 विधायक हैं। प्रदेश में अनुसूचित जनजाति के लिए 29 सीटें आरक्षित है, जिसमें 27 सीटों पर कांग्रेस के विधायक हैं। सिर्फ2 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। ऐसे में एनडीए के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को छत्तीसगढ़ के सिर्फ 2 आदिवासी विधायकों ननकीराम कंवर और डमरूधर पुजारी के वोट मिलेंगे। वहीं 27 आदिवासी विधायकों का समर्थन यूपीए उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को मिलने की संभावना है। यूपीए के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने 1 जुलाई को रायपुर में सभी विधायकों और सांसदों से मुलाकात कर समर्थन मांगा।



### आदिवासियों के लिए सौभाग्य का विषय

छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता देवलाल दुग्गा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के लिए यह गौरव की बात है कि द्रौपदी मुर्मू को एनडीए ने राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाया है। पहली बार देश में किसी आदिवासी को प्रथम नागरिक बनाने पहल की गई है। छत्तीसगढ़ के आदिवासियों में इससे उत्साह है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में संख्या बल के हिसाब से भले ही कांग्रेस के विधायक ज्यादा हैं, लेकिन भाजपा के पास 9 सांसद, 1 राज्यसभा सांसद और 14 विधायक हैं। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) और बहुजन समाज पार्टी ने एनडीए को समर्थन का ऐलान किया है। छत्तीसगढ़ के आदिवासी विधायक किसे समर्थन देंगे, यह उनका और उनकी पार्टी पर निर्भर करता है।


### छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के आदिवासी विधायक

छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति के 27 सीट पर कांग्रेस के विधायक हैं। कांग्रेस से आदिवासी वर्ग से अमरजीत भगत, अनिला भेड़िया, प्रेमसाय सिंह टेकाम, मनोज मंडावी, मोहन मरकाम, कवासी लखमा, देवती कर्मा, शिशुपाल सोरी, चिंतामणि महाराज, यूडी मिंज, गुलाब कमरो, बृहस्पत सिंह, डॉ. प्रीतम राम, विनय भगत, राजमन बेंजाम, चंदन कश्यप, लखेश्वर बघेल, विक्रम मंडावी, संतराम नेताम, अनूप नाग, इंद्रशाह मंडावी, केके ध्रुव, मोहित राम, लालजीत राठिया, चक्रधर सिंह सिदार, रामपुकार सिंह व लक्ष्मी ध्रुव विधायक हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी स्तर पर इसका नफा और नुकसान तय होता है। स्थानीय स्तर पर इस चुनाव का ज्यादा असर नहीं रहता है।

### प्रदेश में सांसद व विधायकों की दलीय स्थिति

छत्तीसगढ़ के 90 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के पास 71 विधायक हैं। वहीं लोकसभा में 2 और राज्यसभा में 4 सांसद हैं। 2 सांसदों राजीव शुक्ला व रंजीत रंजन अभी हाल ही में राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। यशवंत सिन्हा को छत्तीसगढ़ से अच्छी लीड मिलने की संभावना है। वहीं भाजपा के पास 14 विधायक, 9 लोकसभा सांसद और 1 राज्यसभा सांसद हैं। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जेसीसीजे) के 3 और बहुजन समाज पार्टी के 2 विधायक हैं। बसपा व जेसीसीजे ने एनडीए प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का ऐलान किया है। ऐसे में 19 विधायक और 10 सांसदों के वोट एनडीए प्रत्याशी को मिलेंगे।

## 13 हजार नए कोरोना संक्रमित मिले 19 की मौत, सक्रिय मामले 114475



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में बीते 24 घंटे में 13 हजार से ज्यादा नए कोरोना संक्रमित मिले हैं। इस दौरान 19 लोगों की मौत हो गई। असम में 14 फरवरी के बाद एक दिन में सर्वाधिक 161 केस मिले हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में अब सक्रिय केस 1,14,475 हो गए हैं। दैनिक संक्रमण दर घटकर 2.90 फीसदी हो गई है। सोमवार की तुलना में नए मामलों में तीव्र गिरावट आई है। सोमवार को बीते 24 घंटे में 16,135 नए कोरोना केस दर्ज किए गए थे, जबकि मंगलवार को 13,085 नए संक्रमित पाए गए। बीते कुछ दिनों में कोरोना केस में घट बढ़ का सिलसिला जारी है। रविवार को 16,103 नए केस मिले थे, जबकि शनिवार को 17,092 और शुक्रवार को 17,070 संक्रमित मिले थे।

सोमवार की तुलना में मंगलवार को दैनिक संक्रमण दर में भी तेज गिरावट आई है। सोमवार को यह 4.85 फीसदी थी, जबकि मंगलवार को यह घटकर 2.90 फीसदी रह गई।

### देश में मिला नया वैरिएंट बीए.2.75 मिला, घबराने की जरूरत नहीं

इस बीच, देश में अब कोरोना वायरस के नए वैरिएंट बीए.2.75 की पहचान हुई है लेकिन वैज्ञानिक इसके साथ दूसरे वैरिएंट को लेकर अधिक चिंतित हैं जो अलग-अलग राज्यों में दिखाई दे रहे हैं। ये वैरिएंट वायरस की स्पाइक प्रोटीन संरचना में नौ तरह के बदलाव कर चुके हैं, जिनमें कुछ डेल्टा की तरह इम्युनिटी कम करने की क्षमता रखते हैं। हालांकि वैज्ञानिकों का साफतौर पर कहना है कि अभी घबराने की जरूरत नहीं है। इसके कारण मृत्युदर या फिर अस्पतालों में भर्ती होने की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है।

### छत्तीसगढ़ में कोरोना के 132 नए मामले दर्ज, सक्रिय मामलों की संख्या 1040 पहुंची

छत्तीसगढ़ में सोमवार को 1.17 प्रतिशत की सकारात्मकता दर के साथ 132 नए मामले दर्ज किए गए, जिससे कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 11,54,859 हो गई है। जबकि एक अधिकारी ने कहा कि राज्य में संक्रमण से जुड़ी कोई नई मौत दर्ज नहीं की गई। अधिकारी ने कहा कि सोमवार को मौत का एक भी मामला सामने नहीं आने पर मरने वालों की संख्या 14,038 ही बनी रही।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सोमवार को रायपुर में कोरोनोवायरस के 25 मामले सामने आए। इसके बाद बिलासपुर में 19, सरगुजा में 16, दुर्ग में 14 और जांजगीर-चांपा में नौ मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ग्यारह जिलों में पिछले 24 घंटों में कोरोना का एक भी मामला दर्ज नहीं किया गया है। अधिकारी ने कहा कि 113 लोगों के स्वस्थ होने के बाद रिकवरी की संख्या 11,39,781 तक पहुंच गई है, जिससे राज्य में सक्रिय संख्या 1,040 हो गई है।

# पत्रकार रोहित रंजन को हिरासत में लेने के लिए आपस में भिड़ी छत्तीसगढ़ और यूपी पुलिस

**रायपुर (एजेंसी)।** राहुल गांधी के बारे में फेक न्यूज फैलाने के आरोप में घिरे जी न्यूज के एंकर रोहित रंजन को नोएडा पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इससे पहले रोहित को हिरासत में लेने के लिए नोएडा और छत्तीसगढ़ पुलिस आपस में भिड़ गई। दोनों के बीच छीनाझपटी का माहौल बन गया था। हालांकि नोएडा पुलिस को इसमें सफलता मिल गई। बता दें कि रोहित को छत्तीसगढ़ पुलिस कोर्ट वारंट पर गिरफ्तार करने आई थी। वहीं इससे पहले मुश्किलों में खुद को घिरा देख एंकर ने योगी सरकार और स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाई थी। रोहित के खिलाफकांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफफर्जी खबर फैलाने का आरोप है। उन पर छत्तीसगढ़ में केस भी दर्ज है।



रोहित रंजन ने मंगलवार सुबह 6.16 बजे ट्वीट करते हुए लिखा कि बिना लोकल पुलिस को जानकारी दिए छत्तीसगढ़ पुलिस मेरे घर के बाहर मुझे अरेस्ट करने के लिए खड़ी है। क्या ये कानूनन सही है। रोहित ने यह ट्वीट यूपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, एसएसपी गाजियाबाद और एडीजी जोन लखनऊ को टैग भी किया है।

### गाजियाबाद पुलिस ने दिया था ये जवाब

वहीं यूपी की गाजियाबाद पुलिस को जब इस बात की जानकारी मिली कि छत्तीसगढ़ पुलिस एंकर रोहित रंजन को गिरफ्तार करने इंदिरापुरम पहुंची है तो उन्होंने रोहित रंजन के ट्वीट का जवाब दिया है। गाजियाबाद पुलिस ने ट्वीट करते हुए लिखा कि प्रकरण स्थानीय पुलिस के संज्ञान में है, थाना इंदिरापुरम पुलिस मौके पर है, नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### सूचित करने के लिए ऐसा कोई नियम नहींः छत्तीसगढ़ पुलिस

वहीं छत्तीसगढ़ पुलिस ने जवाब देते हुए कहा कि सूचित करने के लिए ऐसा कोई नियम नहीं है। फिर भी, अब उन्हें सूचित किया जाता है। पुलिस टीम ने आपको कोर्ट का गिरफ्तारी वारंट दिखाया है। आपको वास्तव में सहयोग करना चाहिए, जांच में शामिल होना चाहिए और अपना बचाव अदालत में रखना चाहिए।

### कांग्रेस ने दर्ज करवाया था मामला

बता दें कि कांग्रेस पार्टी ने जी न्यूज के एंकर रोहित रंजन के खिलाफराहुल गांधी का एक फेक वीडियो चलाने के लिए शिकायत दर्ज करवाई थी। हालांकि चैनल ने सामग्री वापस ले ली और सार्वजनिक माफी जारी की। पार्टी ने पूर्व सूचना और प्रसारण मंत्री राज्यवर्धन राठौर पर अपने ट्विटर टाइमलाइन से छेड़छाड़ किए गए वीडियो को नहीं हटाने के लिए भी कड़ी फटकार लगाई।

# पुरानी पैंट से बनाते थे थैली, फटी जींस का क्या करें



दीपक रंजन दास




जिनका जन्म 1980 से पहले हुए है, उन सभी ने कपड़ों की थैलियों का खूब उपयोग किया है। ये थैलियां बाजारों में नहीं मिलती थीं बल्कि इन्हें घर पर सीला जाता था। बच्चे हाफपैंट ही पहनते थे इसलिए थैले पापा की फुलपैंट से बनते थे। साइकिल का जमाना था। लोग खूब साइकिल चलाया करते थे। पैंट सीट के पास से घिस कर फट जाया करती थी। साबुत बचते थे पाइचे (पैंट का वह हिस्सा जो पैरों को ढंकता है)। इन्हें काट कर अलग कर लिया जाता था। एक तरफ से सील दिया और दूसरी तरफहैंडल लगा दी। अधिकांश लोगों के यहां सिलाई मशीन होती थी। उन दिनों दहेज में ट्रांजिस्टर, साइकिल और सिलाई मशीन भी आती थी। अब बहुत कम घरों में सिलाई मशीन होती है। कुछ घरों में सिलाई मशीनें पुराने दिनों की निशानियों के रूप में संरक्षित हैं। कुछ समय तक लोग पुरानी पैंट को बाजार में दर्जी के पास ले जाकर थैलियां बनवाते रहे। फिर रेडीमेड का जमाना आ गया, ब्रैंडेड का दौर चला और दर्जी भी गिनती के रह गए। जो भी बचे-सबके सब सूट स्पेशलिस्ट। इनके पास थैलियां सिलवाने के लिए जाने का तो सवाल ही नहीं पैदा होता था। अब तक बाजार में रेडीमेड थैलियां आ चुकी थीं। 5 रुपए से लेकर 30-40 रुपए तक की नाइलोन की थैलियां खूब मजबूत भी होती थीं। पर लोग इन्हें लेकर घर से निकलना भूल जाते हैं। इसका भी रास्ता निकला। पालीथीन कैरीबैग ने समस्या दूर कर दी। फल, सब्जी से लेकर किराने का हर सामान पालीथीन में ही घर आने लगा। हद तो तब हो गई जब गर्म चाय भी प्लास्टिक की थैली में बिकने लगी। इधर फेंके गए प्लास्टिक पालीथीन ने प्रकृति को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया। पुराने दिनों की याद एक बार फिर सताने लगी। पर अब समस्या दूसरी है। पहले जहां घिसने, फटने या बदरंग होने पर कपड़ों को रिटायर किया जाता था वहीं अब शॉपिंग के दौर में कपड़े फटने से काफी पहले रिटायर हो जाते हैं। पर दिक्कत यह है कि दर्जी फटी जींस का थैला कैसे बनाए। बाजार में जितने का थैला आ जाता है उससे ज्यादा तो इसके रफूपर खर्च हो जाना है। इसलिए सरकार ने अब शहरी रोजगार योजना के तहत महिला समूहों को कपड़े का थैला बनाने के लिए प्रोत्साहित करना शुरू किया है। राजधानी रायपुर में 30 हजार महिलाओं को इससे जोड़ा जाएगा। इन महिलाओं ने कोरोना काल में मास्क बनाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। तब जान बचाई थी अब पर्यावरण बचाएंगी। इधर डी-मार्ट, के-मार्ट, सी-मार्ट वालों ने भी कपड़े का थैला बेचना शुरू कर दिया है। पापा की पैंट वाला थैला अब सिर्फ यादों में होगा।

## कलेक्टर का तबादला होने पर जताई खुशी, लगाया पोस्टर, कहा- साहब ने हमारा दर्द समझा ही नहीं!

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने सप्ताहभर पहले बड़े पैमाने पर भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग के 37 अफसरों का तबादला किया था। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस आदेश में 17 जिलों के कलेक्टरों को भी बदला है।




तबादले के बाद कलेक्टरों ने अलग-अलग जिलों का चार्ज लेने भी शुरू कर दिया है। कई कलेक्टरों के जाने के बाद जिले के लोग उनके कामों की सराहना रहे हैं। उन्हें याद कर रहे हैं। इस बीच रायगढ़ जिले की एक दीवार पर एक पोस्टर चस्पा किया गया है, जो चर्चा का विषय बन गया है। कलेक्टर का तबादला होने पर खुशी मनाई जा रही है।

### मजदूरों ने कहा- श्रमिकों के लिए कुछ नहीं किया

सोमवार की सुबह नया शनि मंदिर रोड पर मजदूर वर्ग द्वारा कलेक्टर भीम सिंह के तबादले पर खुशी जाहिर करते हुए एक पोस्टर चस्पा किया गया है। पूछे जाने पर मजदूरों का कहना था कि कलेक्टर भीम सिंह ने कभी मजदूरों की परेशानियों को नहीं समझा। हमने कई बार मजदूरों के लिए टीन शेड की व्यवस्था करने आवेदन दिया। उन्होंने श्रमिक वर्ग के लिए कोई प्रयास ही नहीं किया, इसलिए उनके तबादले से हम सभी खुश हैं। अब हम अपनी परेशानी नव पदस्थ कलेक्टर रानू साहू के समक्ष रखेंगे और उम्मीद है कि वे हमारी समस्याओं का निराकरण ज़रूर करेंगी।




## संपादकीय

# शिंदे पर मुहर

जीत तो महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को ही दर्ज करा दी थी। भारतीय जनता पार्टी के नेता राहुल नार्वेकर के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के साथ ही यह साफहो गया था कि बाजी अब पूरी तरह से शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे के हाथ से निकल चुकी है। बहुमत के लिए 144 मतों की जरूरत थी, जबकि उन्हें मिले 164 मत। इसी के साथ यह भी साफहो गया कि एकनाथ शिंदे के लिए सोमवार को बहुमत साबित करना अब एक औपचारिकता भर है। विरोधी खेमे में इसे लेकर जो निराशा पैदा हुई, उसे इसी से समझा जा सकता है कि उनके कुछ विधायक सोमवार को शक्ति परीक्षण के समय विधानसभा में मौजूद ही नहीं थे। रही सही कसर शिवसेना विधायक संतोष बांगड़ ने निकाल दी। रविवार तक वह उद्धव ठाकरे गुट के साथ थे और सोमवार के शक्ति परीक्षण से पहले एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हो गए। यह घटना बताती है कि 20 जून को शिवसेना में टूट का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह अभी जारी है।

> कुछ ही महीनों में बृहनमुंबई नगर निगम के चुनाव होने हैं। इन चुनावों के परिणाम से ही यह पता चलेगा कि मुंबई के लोग महाराष्ट्र में हुए सियासी बदलाव के बारे में क्या सोच रहे हैं? मुंबई में निगम पर लंबे समय से शिवसेना का एकछत्र राज रहा है। शायद इसीलिए महाराष्ट्र के सबसे कद्दावर नेता माने जाने वाले शरद पवार छह महीने के भीतर बड़े बदलाव की बात कर रहे हैं। राजनीति में शक्ति परीक्षण विधानसभा के बाहर वैसे भी हरदम चलता रहता है।

मुमकिन है कि कुछ विधायकों की चिंता अपनी सदस्यता बचाने की भी हो। रविवार को विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद राहुल नार्वेकर ने एकनाथ शिंदे को विधानसभा में शिवसेना विधायक दल का नेता घोषित करने के साथ ही भरत गोगावले को पार्टी के चीफव्हिप की मान्यता दे दी थी। गोगावाले ने एकनाथ शिंदे सरकार के समर्थन में मतदाने के लिए व्हिप भी जारी कर दिया था और शक्ति परीक्षण के बाद उन्होंने उद्धव ठाकरे गुट के विधायकों के खिलाफपार्टी व्हिप का उल्लंघन करने के लिए बर्खास्तगी का नोटिस भी जारी कर दिया है। जाहिर है, यह मामला अब अदालत में जाएगा। कुछ ही दिनों पहले विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि जीरावल ने 16 विधायकों को दलबदल कानून के तहत नोटिस जारी किया था, उनका मामला पहले से सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। अदालत की लड़ाइयां अपनी जगह चलती रहेंगी, पर फ्लिहाल तो महत्वपूर्ण यही है कि शिंदे ने बगावत को अंजाम तक पहुंचा दिया है।

पिछले दो-तीन सप्ताह में महाराष्ट्र में जो राजनीति चली है, उसने सभी के सामने चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। निस्संदेह, सबसे बड़ी चुनौती उद्धव ठाकरे के सामने है। विधानसभा की बाजी हारने के बाद उन्हें अब यह साबित करना होगा कि जमीन पर उनका दल ही असली शिवसेना है। दूसरी तरफ, एकनााथ शिंदे भले विधायकों में सेंध लगाने में कामयाब हो गए, लेकिन जमीन पर भी उनकी पकड़ है, आने वाले कुछ समय में उन्हें यह साबित करना होगा। देवेंद्र फ्डणवीस को उप-मुख्यमंत्री पद से संतोष करना पड़ा है, जबकि विधायकों की संख्या के मामले में उनकी पार्टी नंबर एक है। आने वाले समय में उनके राजनीतिक कौशल का भी परीक्षण होगा कि वह अपनी पार्टी को महाराष्ट्र की अगुवा ताकत कैसे बनाए रखते हैं, और फ्रि से सरकार की बागडोर तक कैसे पहुंचते हैं? पहली परीक्षा बहुत ज्यादा दूर नहीं है। कुछ ही महीनों में बृहनमुंबई नगर निगम के चुनाव होने हैं। इन चुनावों के परिणाम से ही यह पता चलेगा कि मुंबई के लोग महाराष्ट्र में हुए सियासी बदलाव के बारे में क्या सोच रहे हैं? मुंबई में निगम पर लंबे समय से शिवसेना का एकछत्र राज रहा है। शायद इसीलिए महाराष्ट्र के सबसे कद्दावर नेता माने जाने वाले शरद पवार छह महीने के भीतर बड़े बदलाव की बात कर रहे हैं। राजनीति में शक्ति परीक्षण विधानसभा के बाहर वैसे भी हरदम चलता रहता है।

## अमेरिकी लोकतंत्र पर सुप्रीम कोर्ट का धब्बा

अमेरिका की सर्वोच्च अदालत ने दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र पर धब्बा लगाया है। अमेरिकी स्त्रियों से गर्भपात का अधिकार छीन कर सुप्रीम कोर्ट ने वह काम किया है, जिसकी कल्पना भी आधुनिक समाज में नहीं की जा सकती है। यह दुर्भाग्य है कि सुप्रीम कोर्ट के जजों ने सम्मान से जीवन जीने और स्वतंत्रता के बुनियादी अधिकारों की रक्षा के बजाए अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता को प्राथमिकता दी। तभी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यह कहने का मौका मिला कि उन्होंने अपनी ऐतिहासिक भूमिका निभा दी। ट्रंप ने खुल कर कहा कि उनके द्वारा नियुक्त किए गए जजों ने उनका एजेंडा पूरा किया है। कोई 50 साल पहले 1973 में 'रो बनाम वेड' मामले में अपने फैसले से सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में हर महिला को अपनी इच्छा से गर्भपात का अधिकार दिया था। 2016 में राष्ट्रपति बनने के बाद से ट्रंप इस फैसले को पलटने के उपाय कर रहे थे। उनको सफलता मिली राष्ट्रपति पद से हटने के डेढ़ साल बाद।

ट्रंप ने अपने चार साल के कार्यकाल में सुप्रीम कोर्ट में तीन जज नियुक्त किए थे। उन तीनों जजों ने गर्भपात का अधिकार वापस लेने वाले बहुमत के फैसले का साथ दिया। नौ जजों की बेंच ने पांच-चार से फैसला किया और कहा कि पूरे देश में महिलाओं को मिले गर्भपात का अधिकार वापस लिया जाता है। बहुमत के फैसले में कहा गया कि अब राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह का कोई अधिकार महिलाओं के पास नहीं होगा। राज्य सरकारें अपने हिसाब से कानून बना सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के तुरंत बाद रिपब्लिकन पार्टी के शासन वाले राज्यों ने अपने राज्य में गर्भपात रोकने वाले ऐसे कानूनों को लागू कर दिया, जो उनके यहां पहले से बने हुए थे और जिन्हें सुप्रीम कोर्ट के 'रो बनाम वेड' के फैसले की वजह से लागू नहीं किया जा रहा था। हालांकि अमेरिका के 50 राज्यों में से करीब आधे राज्यों में, जहां डेमोक्रेटिक पार्टी की सरकारें हैं वहां महिलाओं को गर्भपात का अधिकार मिलेगा। लेकिन यह कोई ऐसा अधिकार नहीं है, जो किसी राजनीतिक दल या सरकार की इच्छा पर निर्भर हो या जिसे चुनिंदा तरीके से दिया और वापस लिया जा सके। स्त्रियों का अपने शरीर पर संपूर्ण अधिकार है और यह अधिकार उन्हें किसी संविधान या सरकार से नहीं मिला हुआ है। जिस तरह पुरुष को अपने शरीर पर पूरा अधिकार है और कोई राज्य किसी कानून के जरिए यह अधिकार उससे छीन नहीं सकता है उसी तरह महिलाओं से भी यह अधिकार नहीं छीना जा सकता है। ध्यान रहे गर्भ धारण के नौ महीने तक भ्रूण को और फिर बच्चे को स्त्री अपने शरीर में रखती है, उसमें पुरुष की कोई शारीरिक भूमिका नहीं होती है। इसलिए निश्चित रूप से स्त्री को इसका अधिकार होना चाहिए कि वह गर्भधारण करना चाहती है या नहीं। इस अधिकार को किसी अदालत या सरकार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है।

अजीत द्विवेदी

> अदालतों की गैर-जरूरी टिप्पणी का एक नुकसान यह भी है कि उससे एक ऐसे अंतहीन बहस की शुरुआत होती है, जिसका कोई आधार और ओर-छोर नहीं होता है। न्यायालयों की अंतर्निहित सीमा यह है कि वे सार्वजनिक तौर पर अपना बचाव नहीं कर सकते। इसलिए इतिहास ने हमें सबक दिया है कि यह स्वयं न्यायपालिका के हित में है कि अदालतों को किसी के बारे में भी गैर-जरूरी टिप्पणी से बचना चाहिए।

# ताकि न आए आलोचना की नौबत

हरबंश दीक्षित, विधि विशेषज्ञ

सुप्रीम कोर्ट के दो न्यायमूर्तियों द्वारा की गई अलिखित टिप्पणियां पूरे देश में चर्चा में हैं। नूपुर शर्मा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्तियों द्वारा की गई टिप्पणियों पर सोशल मीडिया में जिस तरह की अवांछित तथा अमर्यादित प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, उन्हें किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता। एक न्यायमूर्ति ने इस पर घोर आपत्ति की है। बचाव में कुछ लोग यह कह रहे हैं कि वह टिप्पणी अदालती निर्णय का हिस्सा नहीं थी और वे न्यायाधीश के व्यक्तिगत विचार थे। इसलिए लोगों का टिप्पणी करना उनकी अभिव्यक्ति की आजादी का हिस्सा है। वजह तथा परिस्थितियां जो भी हों, लोकशाही में इस तरह का आचरण स्वीकार नहीं किया जा सकता। अन्य संस्थाओं की तरह न्यायपालिका भी लोकशाही का महत्वपूर्ण स्तंभ है और यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है कि अपनी बात कहते समय मर्यादा का कभी उल्लंघन नहीं हो। ध्यान रहे, अभिव्यक्ति की आजादी हमें कभी भी किसी सांविधानिक संस्था की प्रतिष्ठा पर आघात पहुंचाने की छूट नहीं देती है।

अदालती निर्णयों या टिप्पणियों के परिणामस्वरूप मानवता ने बहुत कठिन दौर देखे हैं। मसलन, अमेरिका में 'डेज्ड स्कॉट बनाम सेन्डफोर्ड' मामले में तो हालात यहां तक पहुंच गए थे कि अमेरिका में गृह युद्ध छिड़ गया था। बात तब की है, जब हम आजादी की पहली लड़ाई लड़ रहे थे। तब अमेरिका के कुछ राज्यों में दासप्रथा को कानूनी मान्यता हासिल थी और दास किसी दूसरी वस्तु की तरह खरीदे और बेचे जा सकते थे। कुछ राज्य ऐसे भी थे, जिनमें दासप्रथा को गैर-कानूनी घोषित कर दिया गया था। डेज्ड स्कॉट नामक दास मिसौरी में अपने मालिक के साथ रहता था, जहां दासप्रथा वैध थी। एक दिन उसके मालिक उसे लेकर इलिनॉय राज्य गए, जहां दासप्रथा गैर-कानूनी थी। वहां से मिसौरी लौटने पर स्कॉट ने अदालत में अर्जी दी कि उसे स्वतंत्र नागरिक का दर्जा और उससे जुड़े अधिकार दिए जाएं। उसकी दलील थी कि जब वह इलिनॉय राज्य गया, तब वहां दासप्रथा गैर-कानूनी होने के कारण वह आजाद हो गया है और एक बार स्वतंत्र हो जाने के बाद उसे पुनः दास नहीं बनाया जा सकता। मिसौरी की अदालत ने डेज्ड स्कॉट की दलील को अस्वीकार कर दिया। इससे निराश डेज्ड स्कॉट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के सामने सवाल खड़ा हो गया कि यदि कोई दास एक बार आजाद नागरिक हो जाए, तो क्या वह पुनः दास हो सकता है? यह कानून के अर्थान्वयन का मामला था और अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट अपने को वहीं तक सीमित रख सकता था, पर अदालत ने कह दिया कि अफ्रीकी मूल के किसी व्यक्ति को, चाहे वह दास हो या नहीं, अमेरिकी नागरिकता नहीं दी जा सकती। यही नहीं, प्रधान न्यायाधीश रोजर टेनी ने एक कदम आगे बढ़ते हुए कहा कि अमेरिकी संविधान की कभी यह मंशा नहीं थी कि अफ्रीकी लोगों को अमेरिकी नागरिक माना जाए। कोर्ट यहीं नहीं रुका, उसने दासप्रथा को मजबूत करने की कोशिश की, कहा कि मिसौरी समझौते की कुछ बातें दासप्रथा के पालन में बाधा पहुंचाती हैं, इसलिए असांविधानिक हैं। इस तरह अदालत ने किसी दास के आजाद नागरिक बनने के रास्ते बंद कर दिए।



इस निर्णय के बाद की प्रतिक्रिया कल्पना से परे थी। अमेरिकी आबादी के एक हिस्से के मन में गहरा अन्याय-बोध पनपा, जिसकी परिणति अमेरिकी गृह युद्ध के रूप में हुई। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को इसकी कीमत अपनी आहूति देकर चुकानी पड़ी। अमेरिका ने इससे सबक सीखा, संविधान का 13वां और 14वां संविधान संशोधन लाया गया। 13वें संशोधन द्वारा दासप्रथा समाप्त कर दी गई तथा 14वें संविधान संशोधन द्वारा अमेरिका में रहने वाले हरेक व्यक्ति को नागरिकता का अधिकार दिया गया।

बहुत से लोग अमेरिकी गृह युद्ध के लिए अदालत द्वारा डेज्ड स्कॉट के मामले में की गई गैर-जरूरी टिप्पणी को भी जिम्मेदार मानते हैं। वाकई समस्या तब खड़ी हो जाती है, जब न्यायाधीश के रूप में कार्य करते समय ऐसी गैर-जरूरी टिप्पणी की जाए, जो मीडिया के लिए तो बड़ी खबर बन जाए, किंतु न्यायालय के आदेश का हिस्सा न होने के कारण उसके परिष्करण का कोई रास्ता ही नहीं रहे।

अपने देश में न्यायपालिका के आदेश मंत्राक्षर जितने ताकतवर होते हैं। समाज उनके प्रति सम्मान का भाव रखता है, फैसलों में लिखे अर्द्ध-विराम और पूर्ण-विराम तक पर व्यापक चर्चा होती है। एक-एक हिस्से का क्रियान्वयन किया जाता है और उनके किसी भी हिस्से को हल्के में नहीं लिया जाता। न्यायाधीश के आसन से कही गई हर बात न्यायालय की औपचारिक टिप्पणी होती है। जनमानस उसे कानून और संविधान के बराबर की मान्यता देता है। सभी पक्षों को ध्यान रखना चाहिए कि अनेक लोग उसका उपयोग अपने को मजबूत करने या दूसरे को गिराने के लिए भी कर सकते हैं। कोई कुछ भी कहता रहे, अनेक लोग किसी अलिखित अदालती टिप्पणी को सामान्य टिप्पणी मानने को तैयार नहीं होते हैं। ज्यादातर लोग न्याय के घर से आई हर टिप्पणी को आदर्श मानते हैं।

अदालतों की टिप्पणी और अकादमिक विमर्शों में व्यक्त विचारों में अंतर होता है। अकादमिक विमर्श में की गई टिप्पणी को लोग गंभीरता से नहीं लेते हैं। किसी सिद्धांत की स्थापना करना, उसे नकारना, अपने मंतव्य व्यक्त करना इत्यादि उस विमर्श का हिस्सा होता है और उनकी ताकत भी होती है। इसके ठीक उलट अदालतों की टिप्पणियों को ब्रह्म वाक्य जैसा माना जाता है। अदालत की टिप्पणियों का हवाला देकर अपने पक्ष में या किसी के खिलाफ माहौल तैयार किया जा सकता है और यहां तक कि देश की दूसरी अदालतों की सोच को भी प्रभावित किया जा सकता है।

अदालतों की गैर-जरूरी टिप्पणी का एक नुकसान यह भी है कि उससे एक ऐसे अंतहीन बहस की शुरुआत होती है, जिसका कोई आधार और ओर-छोर नहीं होता है। न्यायालयों की अंतर्निहित सीमा यह है कि वे सार्वजनिक तौर पर अपना बचाव नहीं कर सकते। इसलिए इतिहास ने हमें सबक दिया है कि यह स्वयं न्यायपालिका के हित में है कि अदालतों को किसी के बारे में भी गैर-जरूरी टिप्पणी से बचना चाहिए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# अन्नाद्रमुक में नेतृत्व पाने के लिए जोर आजमाइश

श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार

अन्नाद्रमुक पर नियंत्रण के लिए तमिलनाडु के दो नेताओं, एडप्पादी के पलानीसामी और ओ पनीरसेल्वम के बीच लंबे वक्त से जोर आजमाइश चल रही है। पिछले सप्ताह पलानीसामी ने पार्टी का नियंत्रण अपने हाथों में ले लिया और पनीरसेल्वम को दरकिनार कर दिया। अब उनका अगला कदम कुछ कानूनी बाधाओं से पार पाना होगा, ताकि पार्टी में उन्हें नंबर वन की हैसियत मिल जाए। हालांकि, महत्वपूर्ण यह होगा कि हम प्रतीक्षा करें और देखें कि वह पार्टी को कैसे कायम रखते हैं और द्रमुक से मुकाबले के लिए अन्नाद्रमुक को कैसे खड़ा कर पाते हैं? इससे भी अहम बात यह है कि अन्नाद्रमुक भाजपा के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध कैसे बनाए रख पाती है। इसमें कोई शक नहीं, अन्नाद्रमुक को राज्य की राजनीति में मजबूत पैर जमाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

एक अफ्रीकी कहावत है, 'जब भीतर कोई दुश्मन न हो, तो बाहरी दुश्मन आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकता।' पलानीसामी को निर्णायक चरण तक पहुंचने के लिए पनीरसेल्वम के साथ आधे दशक से अधिक समय तक जूझना पड़ा है। पिछले सप्ताह जब पनीरसेल्वम को पता चला कि उनका खेल खत्म हो चुका है, तब उन्होंने अम्मा के प्रति अपनी वफादारी की पिछली दास्तां सुनाई। जयललिता ने पनीरसेल्वम को दो बार मुख्यमंत्री बनाया था। वह जानती थीं कि जब वह जेल से लौटेंगी, तो यह कुरसी बिल्कुल खाली रखेगा। ऐसा दो बार हुआ भी। खैर, भाजपा ने अन्नाद्रमुक में विघटन रोकने के लिए समझौते की पहल की थी। एक अजीब-सी व्यवस्था बनी, जिसमें निधन के बावजूद जयललिता को ही सर्वोच्च नेता माना गया। पलानीसामी को मुख्यमंत्री और पनीरसेल्वम को उप-मुख्यमंत्री माना गया। पार्टी संगठन में पनीरसेल्वम को समन्वयक और पलानीसामी को उप-समन्वयक बनाया गया।



हालांकि, 14 जून को यह व्यवस्था उस समय ध्वस्त हो गई, जब पलानीसामी ने अन्नाद्रमुक जेनरल कौंसिल की बैठक बुलाई, जो इसकी सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है, जिसमें निर्णय लिया गया कि पार्टी में केवल एक नेता होना चाहिए। दो नेता का प्रयोग छोड़ देना चाहिए। परिषद में कुछ मुट्ठी भर लोगों को छोड़ दीजिए, तो सभी ने पलानीसामी के प्रस्ताव का समर्थन किया। जयललिता के निधन के बाद अन्नाद्रमुक में गिरावट आई है। कार्यकर्ताओं के लिए यह जरूरी है कि वे ऐसे नेता के पीछे चलें, जो संगठन को सक्रिय रखता हो।

तमिलनाडु में भाजपा का अंतिम उद्देश्य अन्नाद्रमुक की रक्षा करना नहीं है, बल्कि अन्नाद्रमुक के पतन को धीमी गति से जारी रखना है, ताकि वह उसके कार्यकर्ताओं को अपनी ओर आकर्षित कर सके। दूसरी पीढ़ी के वंशवादी द्रमुक नेता एम के स्टालिन तमिलनाडु में अपनी सरकार कुशलतापूर्वक चला रहे हैं। स्टालिन को असली चुनौती उनके शासन के बाद के वर्षों में तब मिलेगी, जब भाजपा हमलावर होगी। द्रमुक और अन्नाद्रमुक, दोनों राज्य की राजनीति को दो-दलीय रखना चाहेंगे, वे भाजपा के रूप में एक दुर्जेय तीसरे खिलाड़ी को मैदान में प्रवेश देने से बचना चाहेंगे। द्रमुक के लिए अब तक का खेल सीधा रहा है, क्योंकि यह पार्टी राज्य की राजनीति में अपने समूह को एक साथ रखने के लिए भाजपा का विरोध कर सकती है, पर यही काम अन्नाद्रमुक के लिए ज्यादा मुश्किल है। पलानीसामी जानते हैं कि उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी पनीरसेल्वम के हारने का एक कारण यह है कि उन्हें भाजपा की कठपुतली के रूप में देखा गया था। पलानीसामी के सामने चुनौती यह है कि अन्नाद्रमुक को द्रमुक का विरोध करने वाले एक प्रभावी संगठन के रूप में आगे बढ़ाएं, और यह धारणा भी पैदा करें कि वह भाजपा की धुन पर नहीं नाच रहे हैं। अन्नाद्रमुक के संस्थापक एमजी रामचंद्रन ने कहा था कि उनकी मृत्यु के बाद पार्टी का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। उन्होंने किसी को उत्तराधिकारी नहीं बनाया था। जयललिता एमजीआर की पत्नी से पार्टी छीनने में कामयाब रहीं और जब तक जीवित रहीं, तब तक कद्दावर नेता बनी रहीं। जयललिता ने भी उत्तराधिकारी के रूप में किसी का नाम नहीं लिया था। मतलब, पहले भी अन्नाद्रमुक के शीर्ष नेताओं को गद्दी अग्निपरीक्षा से ही हासिल हुई है और अब पलानीसामी की बारी है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## श्रीमती अंजली जैन की कलम से...



रिश्तों की अहमियत का
मुझे पता हैं परवाह है,
जैस किसान को बारिश
की बूंदों का, भूखे को
रोटी का, मछली को जल
का, ऐसे ही मुझे रिश्तें
अजीज है।

-अंजली जैन
7024460938

# पहली सभ्यता: हाइब्रिड फाउंडेशन!

हरिशंकर व्यास

मनुष्य समाज दरअसल पशु प्रवृत्तियों और मनुष्य व्यवहार की वह वर्णसंकर, हाईब्रिड प्रजाति है, जिससे मानव दिमाग एक छोर से दूसरे छोर, जंगली से मानवीय छोर में झूलता है। दुविधाओं और अतिवाद में जिंदगी जीता है। यह भूख, भय, अहम का अतिवाद है तो इन पर शासन व शोषण की बनी गड़ेरिया बुद्धि भी कम अतिवादी नहीं है। ज्21वीं सदी के आठ अरब लोगों की मौजूदा आबादी में श्रेष्ठि मानव वर्ग आठ करोड़ भी नहीं होंगे। जबकि 99 प्रतिशत लोग पशुगत प्रवृत्तियों की भेड़-बकरी, सुअर की कैटल क्लास के एनिमल फार्म में जिंदगी जी रहे हैं। सभ्यता की हाइब्रिड फाउंडेशन के कारण!

प्रलय का मुहाना -31: यक्ष प्रश्न है सुमेर की पहली सभ्यता से मनुष्य का क्या हुआ उसके पशुगत डीएनए मिटे या वे और बढ़े सुमेर-मेसोपोटामिया के मॉडल व टैंपलेट से बनी सभ्यताओं से मनुष्य सभ्य हुआ या दुष्ट पहली बात, वह व्यवस्थाओं का अधीनस्थ हुआ। दूसरी बात, मनुष्यों में असमानता बनना शुरू हुई। तमाम सभ्यताओं में वे आइडिया और व्यवस्थाएं बनीं, जिनसे बहुसंख्यक लोगों का नया पशु जीवन प्रारंभ हुआ। वहीं कुछ लोग उन्हें हांकने वाले कुलीन मानव बने। तब से आज तक मनुष्यों में, उनके समाजों, धर्मों, राजनीति, व्यवस्थाओं में यह सोच स्थायी है कि फलां सभ्य है या असभ्य। इस दोहरी व्यवस्था के मूल प्रवर्तक-प्रायोजक सुमेर के पुजारी और उनके बनवाए राजा, उनके कारिंदे या कि नया श्रेष्ठि मानव था। कोई माने या न माने 21वीं सदी के आठ अरब लोगों की मौजूदा आबादी में श्रेष्ठि मानव वर्ग आठ करोड़ भी नहीं होंगे। जबकि 99 प्रतिशत लोग पशुगत प्रवृत्तियों की भेड़-बकरी, सुअर की कैटल क्लास की एनिमल फार्म जिंदगी जीते हुए हैं, ऐसा सभ्यता की हाइब्रिड फाउंडेशन से निर्मित संचालकों-मालिकों धर्माचार्यों, सत्तावान, बुद्धिमान और धनवानों व कारिंदों के कुलीन वर्ग की बदौलत है।

तभी आठ अरब लोगों का मनुष्य समाज दरअसल पशु प्रवृत्तियों और मनुष्य व्यवहार की वह वर्णसंकर, हाइब्रिड प्रजाति है, जिससे मानव दिमाग एक छोर से दूसरे छोर, जंगली से मानवीय छोर में झूलता है। दुविधाओं और अतिवाद में जिंदगी जीता है। यह भूख, भय, अहम का अतिवाद है तो इन पर शासन व शोषण की बनी गड़ेरिया बुद्धि भी कम अतिवादी नहीं है।

मनुष्यों के कई रूपों, वर्ग-वर्ण और पहचान का सुमेर से शुरू सिलसिला सभ्यता की खास विशेषता है। वह प्रगति का आधार है तो नारकीयता का भी। संदेह नहीं शहरी रहन-सहन, औजार-निर्माण, सुरक्षा-लड़ाई के हथियार, श्रम विभाजन, प्रबंध, यातायात, दिमाग-बुद्धि में नए-नए आइडिया, भौतिक उपलब्धियों की प्रगति के अनुभव जबरदस्त हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

Sanitary And Pipes Shop
Shree Hanuman Enterprises
Deals In: Sanitary, Hardware, PVC and CPVC Pipes, Water Tanks & Kitchen Sinks etc.
Deepak Kumar Shrivastava
7771831789
7974777438
Meenakshi Nagar, Beside of New Culcutta Sweets, Borsi Road, Durg (C.G.)-491001

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

महक सेनीटेशन
आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरुम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

A quality Digital Photoshop
Laxmi photo studio
Adarsh Nagar, DURG (C.G.)
9039553151, 9993564499
E-mail - laxmistudio2004@gmail.com

लक्ष्मी ज्वेलर्स
कुशल
9770584111
8959994444
स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




### चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में लोकसभा सांसद सुनील सोनी से मिला चेम्बर प्रतिनिधि मंडल

# अनब्रांडेड प्रीपैक्ड खाद्यान्नों पर लगे 5 प्रतिशत जीएसटी से छूट के लिए सौंपा ज्ञापन

### फुटवेयर उत्पादों पर बढे हुए जीएसटी को पूर्ववत करने की मांग भी रखी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर अध्यक्ष अमर पारवानी के नेत्रित्व में चेम्बर टीम ने लोकसभा सांसद सुनील सोनी से फुटवेयर उत्पादों में बढ़ी हुई 12 प्रतिशत की दर पूर्ववत 5 प्रतिशत करने एवं अनब्रांडेड प्रीपैक्ड खाद्यान्नों पर लगे 5 प्रतिशत जीएसटी से छूट हेतु ज्ञापन सौंपा।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि फुटवेयर से सम्बंधित उत्पाद एक आवश्यक वस्तु के अंतर्गत आता है जिसका उपयोग मुख्यत: निम्न एवं मध्यम वर्ग के द्वारा किया जाता है। जुते चप्पल के व्यवसायी निम्न एवं मध्यम वर्ग के लोगों के आवश्यकता के अनुरूप ही व्यवसाय करते हैं जिससे आम लोगों की आवश्यक ज़रूरतें पूरी हो सके । वर्तमान में कोरोना महामारी ने छोटे बड़े जुते चप्पल के व्यवसायियों की कमर तोड़ दी, इनसे सम्बंधित जो गरीब तबके के कामगार थे वे सभी बेरोजगार हो गए । महामारी के अंत के साथ जुते चप्पल के व्यवसायी फिर से अपना व्यवसाय मुख्य मार्ग में लेन की कोशिश में हैं, बेरोजगार कामगारों को अब रोजगार मिलने लगा है जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए आवश्यक है।

श्री पारवानी ने आगे कहा कि मंहगाई के दौर में अधिकतम 1000/ मूल्य तक के जूते चप्पल का उपयोग कारखानों के मजदूर सेफ्टी शूज के रूप में, विद्यार्थियों द्वारा स्कूल शूज के रूप में, मजदूर एवं किसान द्वारा खेतो में कार्य हेतु शूज तथा दैनिक उपयोग में आने वाली सस्ती रबड़ की चप्पल के रूप में समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा किया जाता है जिस पर जीएसटी दर 5त्न से बढाकर 12त्न कर दिया गया है ।

फुटवियर उत्पाद के व्यवसायियों के साथ हस्त निर्मित कारीगर, कुटीर एवम लघु उद्योग संचालक, हाट बाजार एवम फेरी द्वारा का कार्य करने वाले छोटे छोटे व्यवसायियों और प्रदेश की निम्न और मध्यम वर्ग की जनता पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

अनब्रांडेड प्रीपैक्ड खाद्यान्नों पर 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी काउन्सिल द्वारा लगाये गए कर के सम्बन्ध में पारवानी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में छोटे बड़े सभी को मिलाकर 3 से 4 लाख तक खाद्य पदार्थ व्यवसायी हैं जिनमे से 70 से 80 प्रतिशत व्यवसायियों का टर्नओवर 40 लाख तक है तथा जो बही खातों से अनभिज्ञ हैं एवं जीएसटी में पंजीकृत नहीं हैं। पूरे छत्तीसगढ़ में सामान्यत: मध्यमवर्गीय परिवार के व्यापारी ही व्यापार करते हैं यदि अनब्रांडेड प्रीपैक्ड खाद्यान्नों पर 5त्न टैक्स लगाया जाता है तो अपने व्यवसाय में व्यस्त रहने वाले छोटे-मंझोले व्यवसायियों हेतु यह प्रक्रिया जटिल है जिसके परिणाम स्वरुप ये व्यवसायी केवल बही खातों में ही उलझ जायेंगे, बड़ी संख्या में रोजगार देने वाले ये व्यापारी स्वयं ही बेरोजगार हो जायेंगे तथा छत्तीसगढ़ का व्यवसाय बुरी तरह से प्रभावित होगा। सांसद सुनील सोनी ने इस विषय पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित कदम उठाने की बात कही ।

# समिति के व्यवस्थित संचालन से किसानों को उपज बेचने में होगी सुविधा- मंत्री सिंहदेव

श्रीकंचनपथ न्यूज




अम्बिकापुर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी एस सिंहदेव सोमवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण मेंड्राकला में आयोजित कृषि उपज मंडी समिति के नव नियुक्ति सदस्यों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष , उपाध्यक्ष सहित सदस्यों के द्वारा विधिवत शपथ लिया गया। श्री सिंहदेव ने इस अवसर पर बताया कि जिले के सभी 39 उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए किसान कुटीर बनाई जाएगी। किसान कुटीर लगभग साढ़े 13 करोड़ की लागत से बनेगी।

मंत्री श्री सिंहदेव ने कृषि उपज मंडी समिति के नव नियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए जिम्मेदारियों का बखूबी से निर्वहन करने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्यों के नियुक्ति से कृषि उपज मंडी का बेहतर संचालन होगा और किसानों को अपनी उपज बेचने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्यों को समितियों में धान खरीदी होने के साथ ही किसानों की सुविधाओं का भी ध्यान रखना होगा। सरकार ने समिति के माध्यम से जो जिम्मेदारी आप लोगों को दी गई है उसे किसानों के हित में बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन करें। समितियों में पानी की सुविधा हो, किसानों को उनके उपज की जायज मूल्य मिले।

कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक, कृषि उपज मंडी के नव नियुक्त अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ सिंह, उपाध्यक्ष श्री उमेश गुप्ता ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर महापौर डॉ अजय तिर्की, जिला पंचायत सदस्य राकेश गुप्ता, राजनाथ सिंह, जनपद अध्यक्ष श्रीमती ननकी सिंह, उपाध्यक्ष बिशुन दास, पार्षद द्वितेन्द्र मिश्रा, सरपंच श्रीमती सुनिता तिर्की सहित समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## खास खबर

### प्रदेश में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना

**रायपुर।** प्रदेश में आज 5 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडने की संभावना है। वहीं एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर छत्तीसगढ़ और उसके आसपास स्थित है, इसके साथ ऊपर ही हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मानसून द्रोणिका जैसलमेर, कोटा, गुना, निम्न दाब का क्षेत्र, झारसुगड़ा, पूरी और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व- मध्य बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मौसम विभाग ने सोमवार को एक नई चेतावनी जारी की। इसमें कहा गया है कि आगामी 48 घंटों में प्रदेश के सरगुजा और बिलासपुर संभागों में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी से अति भारी वर्षा होने तथा वज्रपात की संभावना है।

### कोविड मुक्त गांव परियोजना का शुभारंभ

**जगदलपुर।** चाईल्डफन्ड इंडिया ने भारत के तीन राज्यों में ''कोविड मुक्त गाँव'' नामक एक बड़े पैमाने पर परियोजना शुरू करने की घोषणा की। समृद्ध के समर्थन के साथ, चाईल्डफन्ड का उद्देश्य एक स्थायी नेटवर्क देखभाल मॉडल स्थापित करना है, ताकि गुणवत्ता सुनिश्चित और सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित हो सके। बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं, उपकरण और बच्चों के अनुकूल देखभाल (बाल चिकित्सा सेवाएं) प्रदान करने के लिए ''कोविड मुक्त गाँव'' परियोजना का समर्थन किया जा रहा है। निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से, टेलीमेडिसिन सेवाओं, स्वास्थ्य आउटरीच वाहनों और शिविरों के साथ प्रयास को बढ़ाया जाएगा।

# विकास के साथ ही लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता: उमेश पटेल

### एक करोड़ 38 लाख से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज




रायपुर। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने गत दिवस रायगढ़ जिले अंतर्गत पुसौर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों के भ्रमण के दौरान एक करोड़ 38 लाख 50 हजार रूपए से अधिक लागत के विकासकार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। ग्रामीणों से जनसंपर्क के दौरान मंत्री श्री पटेल उनकी समस्याओं से अवगत हुए और इसके त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। मंत्री श्री पटेल ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की मंशा प्रदेश का विकास करने के साथ ही लोगों को रोजगार से जोड़ना एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना है। इसी के अनुरूप योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्यवन किया जा रहा है।

### कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

मंत्री श्री उमेश पटेल 2 जुलाई को पुसौर विकासखंड के ग्राम तेलीपानी, लिंजीर, सुर्री एवं तेतला गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 52 लाख 72 हजार रूपए के लागत के विकासकार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मंत्री श्री पटेल ने जिन विकास कार्यों का लोकार्पण किया, उनमें ग्राम सुर्री में 4 लाख 90 हजार रुपये की लागत से निर्मित सांस्कृतिक शेड निर्माण एवं 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित प्राथमिक शाला सुर्री में अहाता निर्माण कार्य शामिल हैं।

इसी तरह उन्होंने डीपापारा लिंजीर में 5 लाख रुपए की लागत से सांस्कृतिक भवन में शेड निर्माण, ग्राम-तेतला में 14 लाख 42 हजार रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण एवं तेतला में सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख 40 हजार रुपए, 4 लाख रुपये की लागत से शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल तेतला में सायकल स्टैण्ड निर्माण कार्य, 4 लाख रुपये की लागत से तेतला में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य एवं डीपापारा तेतला में 5 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य शामिल हैं।

इसी तरह मंत्री श्री पटेल 3 जुलाई को पुसौर विकासखंड के ग्राम केनसरा, बादीमाल, जोगीतराई एवं बिजना पहुंचे। उन्होंने इन ग्रामों में 85 लाख 80 हजार रूपए की लागत के विकासकार्यों की लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 20 लाख रूपए की लागत से ग्राम केनसरा में शासकीय प्राथमिक शाला भवन में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण का शिलान्यास शामिल है। इसके अलावा मंत्री श्री पटेल ने ग्राम-केनसरा में एक लाख रुपये की लागत से निर्मित पानी टंकी, 6 लाख रूपये की लागत से निर्मित नाली निर्माण, 6 लाख 20 हजार रुपये की लागत से निर्मित मुक्तिधाम निर्माण, 6 लाख रूपये की लागत से निर्मित शास.प्रा.शाला भवन में अहाता निर्माण, 3 लाख रुपये की लागत से निर्मित पानी टंकी निर्माण, 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित प्राथ.शाला भवन निर्माण, बादीमाल में 2 लाख 25 हजार रुपये की लागत से निर्मित 3 पानी टंकी निर्माण, 2 लाख 50 हजार रुपये की लागत से निर्मित 2 पचरी निर्माण, 7 लाख 25 हजार रुपये की लागत से निर्मित मुक्तिधाम निर्माण, जोगीतराई में एक लाख रुपये की लागत से निर्मित खम्भा तालाब में पचरी निर्माण, 2 लाख 65 हजार रूपये की लागत से निर्मित सांस्कृतिक शेड निर्माण, 6 लाख 45 हजार रुपये की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी भवन निर्माण, ग्राम बिजना के उपरटार तालाब में एक लाख रुपये की लागत से निर्मित पचरी निर्माण एवं जोगीतराई में 5 लाख 50 हजार रुपये की लागत से निर्मित सीसी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया मरवाही से बिलासपुर संभाग में भेंट-मुलाकात का आगाज



श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात के क्रम में आज से बिलासपुर संभाग में कार्यक्रम का आग़ाज़ किया। बिलासपुर संभाग में भेंट-मुलाक़ात की शुरुआत के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सबसे पहले गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ज़िले को चुना है। मरवाही पहुँचने पर मुख्यमंत्री का स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आम जनता ने गमछा व चरखे से काते गए सुत धागा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज मरवाही में भेंट-मुलाक़ात से पहले माता नागेश्वरी देवी मंदिर पहुंचे और पारंपरिक विधि-विधान से देवी मां की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने माता नागेश्वरी देवी से छत्तीसगढ़वासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। स्थानीय लोगों के मुताबिक़ यहाँ नागेश्वरी देवी की प्रतिमा स्वयंभू प्रकट हुई हैं। वहीं पुरातात्विक दृष्टि से लगभग 10वीं शताब्दी की बतायी जाती हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने देवी मां के दर्शन व पूजा-अर्चना के बाद मंदिर परिसर में कदम्ब, नीम और पीपल का पौधा रोपा और उस पर पानी सींचते हुए हरियाली व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक डॉ के.के. ध्रुव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# भेंट-मुलाकात: जब मुख्यमंत्री ने किसान बालाराम के घर की बाड़ी के कोईलार और चेंच भाजी का लिया स्वाद

श्रीकंचपथ न्यूज



**रायपुर।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के पेंड्रा विकासखंड में भेंट-मुलाकात के दौरान सकोला गांव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसान बालाराम के घर भोजन किया। उन्होंने कोईलार, चेंच तथा मुनगा भाजी का स्वाद लिया। बारिश के मौसम में अरहर की दाल, चावल और उड़द बड़ी के साथ स्वादिष्ट भाजी का सेवन वाकई मन को प्रसन्न करने वाला था।

घर की सदस्य और सकोला गांव की सरपंच श्रीमती हीरामती ने बताया कि घर के पीछे ही बाड़ी है जिसमें मुनगा, चेंच भाजी, कोइलार भाजी, भिंडी, बरबट्टी आदि सब्जियां लगाएं हैं। हीरामती ने मुख्यमंत्री को अपने ही घर की बाड़ी की चेंच, कोईलार और मुनगा भाजी खिला कर प्रसन्न कर दिया।

सरपंच श्रीमती हीरामती ने बताया कि शासन की 'नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी' योजना से किसानों को काफी लाभ मिला है। बाड़ी योजना से प्रेरित होकर गांव का हर किसान घर के पीछे खाली जमीन पर सब्जी-बाड़ी लगा रहे हैं। इससे घर के लोगों को न केवल पौष्टिक एवं ताजी सब्जियां मिल रही हैं, बल्कि इनकी बिक्री से कमाई भी हो रही है।

# मंत्री डॉ. टेकाम ने किया सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आज अपने प्रवास के दौरान जिला सूरजपुर के विकासखण्ड प्रतापपुर के ग्राम पंचायत दवनकरा सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। जिसमें उन्होंने ऊपरपारा में 5 लाख 20 हजार एवं बरपारा में 5 लाख 20 हजार की राशि की सी.सी. सीसी रोड का विधि विधान से भूमिपूजन शामिल है।

मंत्री श्री टेकाम ने कार्यक्रम में कहा कि सी.सी. रोड बनेगा तो बारह महीने आवागमन में सुविधा होगी। बरसात में कीचड़ वाले कच्ची सड़क से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क गुणवत्तापूर्ण बने इसके लिए मोहल्लेवासी निगरानी भी रखें। ग्राम पंचायत का दायित्व है कि समय पर काम को पूरा हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रो में लोगों के सहूलियत के लिए सड़क, पुल पुलियों का निर्माण लगातार कर रही है। सड़को के जाल से अब बहुत कम ही बसाहटें बची है, जो नहीं जुड़ पाई है लेकिन उसे भी जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने राज्य शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को आगे आने को कहा।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## भेंट-मुलाकात अभियान

# गौठानों में स्थानीय वनौषधि की उपलब्धता के हिसाब से प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करें : भूपेश बघेल

### वन धन केन्द्र डेवलप करने और, हाट बाजार क्लीनिक का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश

### मुख्यमंत्री ने बैकुण्ठपुर में जिला अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अधिकारियों से कहा कि कोरिया जिला का भ्रमण अच्छा रहा। आपको बधाई और बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठानों में स्थानीय वनौषधि की उपलब्धता के हिसाब से प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करवाएं, ताकि स्थानीय उत्पाद का संवर्धन कर किसानों व वनवासियों को उचित लाभ दिया जा सके। मुख्यमंत्री आज बैकुण्ठपुर के विश्रामगृह में अधिकारियों की समीक्षा बैठक में यह बातें कही। बैठक में संसदीय सचिव अम्बिका सिंहदेव, विधायक गुलाब कमरो और डॉ. विनय जायसवाल उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वनवासियों को वन अधिकार पट्टा प्रदान किया जा रहा है, अब वहां वन धन केंद्र भी डेवलप करें। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि तेंदूपत्ता की राशि वितरण में पारदर्शिता बरतें। हितग्राहियों को राशि मिला हैं कि नहीं, इस बात से हितग्राहियों को अवगत कराएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की योजनाओं का मुख्य उद्देश्य आम लोगों के आय में वृद्धि करना है, आम लोगों की जेब तक पैसे पहुंचे। कटकोना में महिला समूह के व्यवसायिक गतिविधियों की तारीफ करते हुए कहा कि व गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनाकर बेच रहे हैं साथ ही भवन निर्माण में उपयोगी सेंट्रिंग प्लेट भी बेच रही है, यह अच्छा संकेत है।




मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए राज्य सरकार की अनेक योजना संचालित है। हाट बाजार क्लिनिक से लाभान्वित लोगों की संख्या बढ़नी चाहिए। हाट बाजार क्लिनिक संचालन का निर्धारित समय प्रदर्शित हो, लोगों को समय की जानकारी रहे, निःशुल्क दवा वितरण का भी प्रचार प्रसार करें। उन्होंने कहा कि छोटी बीमारियों की रोकथाम कर हम बड़ी बीमारियों से बच सकते हैं। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारी रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से कहा कि आंगनवाड़ी में हितग्राहियों के लिए पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कुपोषण से निपटने के लिए हितग्राहियों के भोजन में बारहों महीने हरी सब्जियां उपलध रहनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं आदिवासी विकास विभाग के अधिकारियों से कहा कि देवगुड़ियों में मूलभूत सुविधाएं, बिजली पानी एवं साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। देवगुड़ी के पुनरुद्धार से संबंधित कार्य में समुदाय के प्रतिनिधि और पुजारियों से रायशुमारी से करवाने के निर्देश दिए। श्री बघेल ने कहा कि अन्य समाज मे विवाहित आदिवासी महिलाओं के मामलों में विधि उपयुक्त महिला का जमीनी हक कायम रहे, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उप जनजाति समूहों के जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही दिक्कतों के निराकरण के लिए राज्य स्तरीय टीम आकर अनुसंधान हेतु कैम्प करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों में मध्यान्ह भोजन सुचारू रूप से चले, कोर्स समय पर पूरा हो यह सुनिश्चित करें। वर्षाकाल में स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। सभी स्कूलों पर अधिकारी ध्यान दें। श्री बघेल ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि 170 ख के प्रकरणों को समयसीमा में पूर्ण करें। पंचायतों द्वारा जारी अविवादित नामांतरण बंटवारों के आदेश भुइयां सॉफ्टवेयर में समयसीमा में अपडेट होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने खाद्य विभाग, पंचायत सहित अन्य विभागीय योजनाओं के प्रगति की भी समीक्षा की।

## खास खबर

### शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 6 जुलाई को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र-रायपुर, पुराना पुलिस मुख्यालय, रायपुर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। निजी क्षेत्र के नियोजकों जावेरी बाजार रायपुर, मास्टो इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड एवं नई दुनिया समाचार पत्र, रायपुर द्वारा सेल्स एक्सीक्यूटीन व वाहन चालक, सुपरवाईजर, एकाउंटेंट, फेबिकेटर, पेन्टर, डिलीवरी बाय, कम्प्यूटर टेक्नीशियन, हेल्पर, मैकेनिक-दो एवं तीन पहिया, सेल्समैन, सर्वेयर के 67 से अधिक पदों पर भर्ती की जायेगी। इन पदों के लिए न्यूनतम 8 हजार से 15 हजार रुपये मासिक वेतन निर्धारित किया गया है। इन पदों पर अनपढ़ से लेकर 10वीं, 12वीं एवं कार्यानुभवी आवेदकों की भर्ती की जायेगी। इसके लिए योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते है। प्लेसमेंट कैम्प में आवेदक को सोशल डिस्टेंटिंग का पालन करते हुए सम्मिलित होना अनिवार्य है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 179.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 179.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज चार जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिलें में सर्वाधिक 280.9 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 105.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 110.4 मिमी, सूरजपुर में 162.2 मिमी, जशपुर में 108.3 मिमी, कोरिया में 186.4 मिमी, रायपुर में 108.3 मिमी, बलौदाबाजार में 185.6 मिमी, गरियाबंद में 220.0 मिमी, महासमुंद में 171.5 मिमी, धमतरी में 161.2 मिमी, बिलासपुर में 205.4 मिमी, मुंगेली में 234.5 मिमी, रायगढ़ में 202.6 मिमी, जांजगीर-चांपा में 320.8 मिमी, कोरबा में 174.5 मिमी, दुर्ग में 148.2 मिमी, कबीरधाम में 164.8 मिमी, राजनांदगांव में 173.7 मिमी, बालोद में 232.3 मिमी, बेमेतरा में 147.0 मिमी, बस्तर में 167.2 मिमी, कोण्डागांव में 157.1 मिमी, कांकेर में 143.8 मिमी, नारायणपुर में 170.0 मिमी, दंतेवाड़ा में 166.9 मिमी, सुकमा में 148.0 मिमी और बीजापुर में 274.2 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

# छत्तीसगढ़ में सुगम तथा सुरक्षित यातायात के लिए वाहन चालन कौशल को विकसित करने की अहम पहल

### अब तक 5 हजार से अधिक प्रशिक्षु वाहन चालन तथा सड़क सुरक्षा संबंधी प्राप्त कर चुके प्रशिक्षण

### राज्य में हो रहे सड़क दुर्घटनाओं में आएगी कमी और सड़क सुरक्षा को लेकर बढ़ेगी जागरूकता

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सुगम तथा सुरक्षित यातायात के लिए नवा रायपुर में संचालित इंस्टिट्यूट ऑफ़ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च संस्थान छत्तीसगढ़ शासन की एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विगत दिवस 9 दिसम्बर 2021 को परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में इसका शुभारंभ हुआ था। संस्थान में अब तक विगत 6 माह में 5 हजार से अधिक प्रशिक्षु, वाहन चालन तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े हुए नियमों का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

संस्थान में इस वर्ष जनवरी माह से आधिकारिक रूप से प्रशिक्षण आरम्भ होने के उपरांत अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) ने प्रशिक्षण का रिपोर्ट कार्ड जारी करते हुए जानकारी साझा की है कि यहां सड़क सुरक्षा में जागरूकता लाने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा जारी किये गए आकड़ों के अनुसार 72 प्रतिशत दुर्घटनाओं में वाहन चालकों को दोषी पाया गया है। इसे संज्ञान में लेते हुए संस्था ने 4 हजार से अधिक भारी वाहन चालकों को रिफ्रेशर ट्रेनिंग प्रदान किया गया है। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथामिकता के आलोक में स्कूल बस चालकों के लिए भी विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, इसके तहत प्रदेश भर के 800 से अधिक स्कूल बस चालक इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से अब तक लाभान्वित हो चुके है। इसके अलावा 350 से अधिक शासकीय वाहन चालकों को विशेष प्रशिक्षण देते हुए मॉडल चालक बनने हेतु प्रेरित किया गया है, प्रशिक्षण निरंतर जारी है। परिवहन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन एवं मारुती सुजुकी इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में संचालित इंस्टिट्यूट ऑफ़ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च संस्थान में आधुनिकतम तकनीक का इस्तेमाल करते हुए 20 एकड के क्षेत्रफल में विशेष ड्राइविंग ट्रैक से ड्राइविंग प्रशिक्षण देने की योजना कार्यान्वित हुई। संस्थान में एक साथ 300 प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण लेने के लिए 5 स्मार्ट क्लासरूम तथा विशालकाय ऑडिटोरियम का उपयोग किया जा रहा है। उच्च स्तर के प्रशिक्षक सड़क सुरक्षा से जुड़ी बारीकियों से छत्तीसगढ़ राज्य के चालकों को प्रशिक्षित कर रहे है। संस्थान में 80 प्रशिक्षुओं के लिए आवासीय प्रशिक्षण एवं कैंटीन सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। वाहन चालन कौशल को बढ़ावा देने हेतु शासन ने महिला वाहन चालकों के लिए अतिरिक्त छूट की भी घोषणा की है। नये चालकों में 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है और उनमें विशेष उत्साह देखा गया।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाये जा रहे इन कार्यक्रमों के जरिए राज्य के चालकों में वाहन चालन कौशल का विकास होगा एवं उनके लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता आएगी और राज्य में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सकेगी। बढ़ती हुई ईंधन की कीमतों को ध्यान में रखते हुए संस्थान में ईंधन बचत के लिए वाहन चालकों में जागरूकता लाने हेतु भी विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है। इसके अलावा संस्थान में ज्वलनशील प्रदार्थ एवं खतरनाक रसायन के परिवहन में वाहन चालकों के लिए कार्यक्रम तैयार किये गए हैं। लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) अध्यक्ष संजय शर्मा एवं संस्थान के संयुक्त संचालक अमित गुप्ता के सतत् पर्यवेक्षण में संस्था में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विशेष रूप से दुर्घटना से जुड़े कारण एवं निवारण, रक्षात्मक वाहन चालन, सड़क संकेत एवं सिग्नल, प्राथमिक उपचार, सड़क संबंधी नियम एवं उल्लंघन करने से होने वाली दंडात्मक कार्यवाही, फाइन और पेनल्टी से जुड़े हुए नियम, कठिन परिस्तिथियों में वाहन चालन का कौशल इत्यादि विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षुओं को ऑडियो-वीडियो माध्यम से तरीके से अवगत कराया जा रहा है।

# नाचा से छत्तीसगढ़ी संस्कृति ने बनाई सात समुंदर पार अपनी पहचानः अमरजीत भगत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उत्तर अमेरिका में छत्तीसगढ़ संस्कृति की छटा बिखेरने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जा रही है। नार्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ संघ (नाचा) उत्तर अमेरिका द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका शिकागो, न्यूयॉर्क, ह्यूस्टन, कैरोलिना, डेनवर और कनाडा के टोरंटो में 5 दिवसीय सम्मेलन 12 से 21 नवम्बर तक प्रस्तावित किया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत और नाचा के पदाधिकारियों के बीच ऑनलाईन बैठक हुई।

मंत्री अमरजीत भगत ने नाचा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह अच्छी बात है कि नार्थ अमेरिका नाचा संस्था छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ की विरासत को बढ़ावा देने के लिए एक ग्लोबल मीट का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रस्ताव दिया गया है कि वेबसाइट में अंग्रेज़ी से हिन्दी, हिन्दी-अंग्रेज़ी से छत्तीसगढ़ी भाषा तक विस्तारित करने के लिए कई अध्याय जोड़े जाएंगे। संस्कृति मंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार उनके इस नेक काम में सदैव उनके साथ है। छत्तीसगढ़ी संस्कृति के विकास की दिशा में नाचा के आयोजनो में सरकार संयुक्त रूप से नॉर्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ संघ के साथ काम करेगी ताकि सात समदंर पार भी छत्तीसगढ़ी संस्कृति अपनी पहचान मज़बूत करें।

बैठक में नाचा के सदस्यों ने बताया कि समय-समय पर नाचा द्वारा छत्तीसगढ़ी व आदिवासी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। शहीद वीर नारायण सिंह की वीरता की कहानी को भी नाचा ने अमेरिका में प्रस्तुत किया था। सन 2020 में नाचा द्वारा एक बड़ा आयोजन किया गया था। छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने वाले इस आयोजन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए थे। साथ ही प्रतिवर्ष 15 अगस्त को शिकागो में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झांकी प्रस्तुत की जाती है। उन्होंने बताया कि गांव-गांव तक छत्तीसगढ़ की विविध संस्कृति को पहुँचाने के लिए और अन्य सदस्यों को जोड़ने के लिए नाचा द्वारा समन्वयकों का गठन किया जा रहा है। साथ ही छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति, साहित्य को बढ़ावा देने के लिए नाचा द्वारा स्थानीय स्तर पर छत्तीसगढ़ी फिल्मों का प्रसारण किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा फैसलाः नगर निगमों को दिए गए ले-आउट के अधिकार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने शहरों में लोगों को ले-आउट पास कराने में आ रही दिक्कत को सुलझाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब ले-आउट पास कराने के अधिकार नगर निगमों को दिए गए हैं। पहले ले-आउट पास कराने के लिए नगर निगम और नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से अनुमोदन लेना पड़ता था। इस नये फैसले से लोगों को एक ही छत की नीचे ले-आउट अनुमोदन की सुविधा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नगर निगमों को ले-आउट के अधिकार देने की घोषणा की थी, जिस पर आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा त्वरित अमल करते हुए नगर निगमों को ले-आउट पास कराने का अधिकार देने के संबंध में आज अधिसूचना जारी की गई है।

जारी अधिसूचना के अनुसार प्रदेश के 9 जिलों के 13 नगर पालिका निगमों रायपुर, बीरगांव, दुर्ग, भिलाई, चरौदा, रिसाली, राजनांदगांव, रायगढ़, जगदलपुर, अम्बिकापुर, बिलासपुर, कोरबा और धमतरी के आयुक्तों को नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा उनकी सीमा के अंतर्गत शर्तो के साथ ले-आउट पास करने के अधिकार प्रत्यायोजित किया गया है। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि ले-आउट के अनुमोदन का कार्य तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ मास्टर प्लान के क्रियान्वयन का महत्वपूर्ण अंग होगा। प्रत्यायोजित धाराओं का उपयोग छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश के प्रथम तथा द्वितीय श्रेणी अधिकारियों के लिए निर्धारित शैक्षणिक अर्हता को धारण करने वाले अधिकारियों को ही प्रत्योजित अधिकार के अंतर्गत कार्य सम्पादन का दायित्व सौंपा जा सकेगा। संबंधित नगर निगमों को ले-आउट अनुमोदन के लिए अनिवार्य रूप से टाउन प्लानर की नियुक्ति करनी होगी।

इसी प्रकार विकास अनुज्ञा के अनुमोदन के एक माह के भीतर समस्त ले-आउट संबंधित जिले के नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अधिकारियों से कार्योत्तर स्वीकृति लेनी होगी। स्वीकृत की जाने वाली विकास अनुज्ञाओं को नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के वेबसाईट में अपलोड करने के साथ-साथ स्वीकृत अनुज्ञाओं की प्रति नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय में जमा कराना होगा।




नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# पहली फिल्म के लिए मिला था डेढ़ लाख का चेक, मां देखकर घबरा गई थीं: रश्मिका मंदाना



साउथ इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने हाल ही में कॉस्मेटिक प्रोडक्ट की दुनिया में बतौर बिजनेस वुमन एंट्री की है। एक्ट्रेस की मानें तो बिजनेस की दुनिया में इस वक्त उतरना उनके लिए सबसे अच्छा था, जिसे लेकर वे काफी खुश हैं। फिल्मों की बात करें तो रश्मिका जल्द ही बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली हैं। 'मिशन मजनू' में वो सिद्धार्थ मल्होत्रा के अपोजिट नजर आएंगी। इस फिल्म के अलावा एक्ट्रेस रणबीर कपूर के साथ 'एनिमल' और अमिताभ बच्चन स्टारर 'गुडबाय' में भी लीड रोल में नजर आने वाली हैं।

### बिजनेस इंडस्ट्री को करना चाहती हैं एक्सप्लोर

रश्मिका ने बताया कि उन्होंने एक ब्यूटी प्रोडक्ट के साथ टाई अप किया है। उन्होंने कहा, बिजनेस एक अलग ही दुनिया है, जो बहुत इंटरेस्टिंग है। जब इस कॉस्मेटिक ब्रांड ने मुझे एप्रोच किया, तब मैं ये जानना चाहती थी कि आखिर बिजनेस कैसे होता है। मुझे समझ आया कि ये एक अच्छा टाइम है, खुद को बतौर बिजनेस वुमन एक्सप्लोर करूं।

### औरतों का आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना बेहद जरूरी

रश्मिका का मानना है कि एक महिला को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना चाहिए, भले ही वह शादीशुदा हो। इसी टॉपिक पर आगे बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, मैं यकीन करती हूं कि औरतों के आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने से आपको एक अलग ही पहचान मिलती है, चाहे आपने शादी की हो या नहीं। इसके अलावा, यह हमें अपनी व्यक्तिगत या घरेलू जरूरतों के लिए दूसरे साथी पर पूरी तरह से निर्भर होने से रोकता है। आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना एक स्वस्थ मनोबल बनाने में मदद करता है। यह महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाता है, सक्षम बनाता है और अपने निर्णय खुद लेने में मदद करता है। मैंने ये बात अपनी मां से सीखी है और उनकी ये बात हमेशा याद रखूंगी।

### किस्मत में एक्टर बनना लिखा था

बातचीत के दौरान, नेशनल क्रश कही जाने वालीं रश्मिका ने बताया कि वे कभी एक्टिंग में अपना करियर नहीं बनाना चाहती थीं। वो तो अपने पापा के बिजनेस से जुड़ने की ख्वाहिश रखती थीं, लेकिन किस्मत में एक्टर बनना लिखा था। इस बारे में वो कहती हैं, एक्टर बनना मेरे लिए बस एक फैसिनेशन था, लेकिन मैं कभी एक्टिंग फील्ड में खुद को नहीं देखती थी। मुझमें कभी भी लोगों के सामने आंख से आंख मिलाकर बात करने का कॉन्फिडेंस नहीं था। मैं तो सोचती थी कि अपनी पढ़ाई पूरी करके अपने पिता के बिजनेस में सपोर्ट करूंगी, लेकिन शायद किस्मत में एक्टर बनना लिखा था। मैंने मॉडलिंग की थी और वहीं से जर्नी शुरू हो गई। मेरा पहला शॉट था अपनी घड़ी को देखना और बस का इंतजार करना। यकीन मानिए एक ही शॉट में डायरेक्टर ने ओके कह दिया। उसी वक्त मैंने तय किया कि मुझे इस फील्ड में ही आगे बढ़ना है।

### पहली फिल्म के लिए मिला था डेढ़ लाख का चेक

रश्मिका ने बताया, मैंने अपने पेरेंट्स को अपने इस एक्टिंग फील्ड में करियर बनाने के फैसले के बारे में नहीं बताया था। जब मुझे अपनी पहली फिल्म के लिए डेढ़ लाख रूपए का चेक दिया, तो मुझे समझ ही नहीं आया कि अब इसका क्या करूं। फिर मैं घर गई और अपनी अपनी मां को वो चेक दिया, जिसे देखकर वो घबरा गई थीं। उस वक्त मैंने उनको कहा कि मैं एक्टर बनना चाहती हूं। वहीं पापा मेरे इस फैसले से बिलकुल आश्चर्य नहीं हुए। पर्सनली उन्हें फिल्में देखना बहुत पसंद है और एक वक्त था जब वे भी एक्टर बनना चाहते थे। तो वो तो बहुत खुश हुए। अब जब पीछे मुड़कर देखती हूं तो अपने फैसले से बहुत संतुष्टि महसूस होती है। बता दें कि, रश्मिका आखिरी बार तेलुगु फिल्म 'अदावल्लु मीकू जौहरलू' में नजर आई थीं।

लीड एक्टर्स को टक्कर देते साइड रोल

# मुन्नाभाई के सर्किट से लेकर गलीबॉय के एमसी शेर तक, इन साइड एक्टर्स ने फिल्म में डाली जान



बॉलीवुड की कई फिल्में हैं जिनमें उनके किरदार जान डाल देते हैं। कुछ फिल्मों में लीड एक्टर तो कमाल करते ही हैं साथ ही उनके साथ अगर सपोर्टिंग एक्टर न होते तो शायद वो फिल्में इतनी पॉपुलर न होती। सपोर्टिंग रोल में काम कर रहे किरदार कई बार फिल्म के सुपरहिट होने में बड़ा रोल प्ले करते हैं, कुछ किरदार तो ऐसे होते हैं जो फिल्म में लीड रोल को कड़ी टक्कर देते हैं।

### गली बॉय में एमसी शेर

फिल्म गली बॉय में एमसी शेर ने सभी का दिल जीत लिया था। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी ने एमसी शेर का रोल प्ले किया था।

### मुन्नाभाई एमबीबीएस में सर्किट

भाई टेंशन नहीं लेनेका... । फिल्म मुन्नाभाई में सर्किट का ये डायलॉग तो याद ही होगा आपको। क्या होता अगर इस फिल्म में सर्किट नहीं होता तो? इस फिल्म में मुन्नाभाई के साथ सर्किट के रोल ने सभी को अपना दीवाना बना लिया था। अरशद वारसी ने सर्किट का रोल प्ले किया था। फिल्म इतनी हिट रही थी कि फिल्म के मुन्ना और सर्किट के कैरेक्टर को बच्चा-बच्चा कॉपी करने लगा था।

### विक्की डोनर में डॉ. बलदेव चड्ढा

विक्की डोनर एक कॉमेडी मूवी थी। इस फिल्म में विक्की के अलावा भी एक किरदार था जिसके वन लाइनर ने सभी को हंसने पर मजबूर कर दिया था वो हैं डॉ चड्ढा। फिल्म में डा. चड्ढा का रोल अन्नू कपूर ने प्ले किया था। वैसे तो अन्नू कपूर की एक्टिंग काबिले तारीफ होती है पर इस फिल्म में उनके पॉजिटिव कैरेक्टर ने ये साबित कर दिया कि अन्नू कपूर भी लाइमलाइट डिजर्व करते हैं।

### ओम शांति ओम में पप्पू मास्टर

फिल्म ओम शांति ओम बॉलीवुड की चुनिंदा फिल्मों में से एक है। फिल्म में कई स्टार्स थे लेकिन पप्पू मास्टर का रोल कुछ अलग था। फिल्म में पप्पू शाहरुख का दोस्त रहता है और अपने दोस्त की हर परेशानी में उसके साथ खड़ा होता है। फिल्म में पप्पू का रोल श्रेयस तलपड़े ने प्ले किया था।

### बाजीराव मस्तानी में काशीबाई

संजय लीला भंसाली की फिल्म बाजीराव मस्तानी में सबसे बेहतरीन कैरेक्टर काशीबाई का कहा जाए तो गलत नहीं होगा। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा ने काशीबाई का किरदार निभाया था। बर्फी की झिलमिल से बाजीराव की काशी तक, प्रियंका ने ये साबित कर दिया कि एक्टिंग में उनका कोई सानी नहीं है।

### तनु वेड्स मनु में पप्पी जी

अगर आपने ये फिल्म देखी हो तो इसके पप्पी जी आपको जरुर याद होंगे। फिल्म में दीपक डोबरियाल ने पप्पी जी का रोल प्ले किया था। उनकी एक्टिंग ने सभी को हंसने पर मजबूर कर दिया था और फिल्म का डायलॉग your good question, but your question hurt me इतना हिट रहा कि आज भी लोगों की जुबां पर चढ़ा हुआ है।

### रन में गणेश

फिल्म रन आपने देखी हो या ना देखी हो पर इसकी कऊआ बिरयानी तो आपको याद ही होगी। ये फिल्म ज्यादा लोगों को याद नहीं है पर इस फिल्म की छोटी गंगा और कऊआ बिरयानी आज भी सभी को याद है। विजय राज ने फिल्म में गणेश का रोल प्ले किया था। हालांकि विजय राज की कम स्क्रीन टाइमिंग सभी को खली।

# रजनीकांत ने की 'रॉकेट्री: द नांबी इफेक्ट' की तारीफ: बोले- ऐसी बेहतरीन फिल्म देने के लिए मैं आर माधवन को धन्यवाद देता हूं

आर माधवन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'रॉकेट्री: द नांबी इफेक्ट' सिनेमाघरों में 1 जुलाई को रिलीज हो चुकी है। फैंस से लेकर सेलेब्स तक फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। अब हाल ही में साउथ सुपरस्टार रजनीकांत ने माधवन के काम की सराहना करते हुए तमिल भाषा में पोस्ट शेयर किया है। साथ ही एक्टर ने उन्हें ऐसी फिल्म बनाने के लिए धन्यवाद भी किया है। रजनीकांत ने इस बायोग्राफिकल ड्रामा को मस्ट वॉच फिल्म बताया है।

### रजनीकांत ने की माधवन के काम की सराहना

रजनीकांत ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'रॉकेट्री हर व्यक्ति खासतौर पर युवाओं के लिए जरूर देखने वाली फिल्म है। यह फिल्म मिस्टर पद्म भूषण, जिन्होंने हमारे देश के स्पेस रिसर्च के विकास के लिए काफी कठिनाइयों का सामना किया और बलिदान दिया उन पर है। नांबी नारायणन की कहानी को वास्तविक तौर पर पेश करके माधवन डायरेक्टर के तौर पर अपनी पहली ही फिल्म से बेस्ट डायरेक्टर्स में शामिल हो चुके हैं। ऐसी बेहतरीन फिल्म देने के लिए मैं उनकी सराहना करता हूं और उन्हें धन्यवाद देता हूं।'



### फिल्म को IMDb ने दी 9.3 रेटिंग्स

फिल्म को IMDb ने 10 में से 9.3 रेटिंग दी है। माधवन ने खुद अपने सोशल मीडिया पर ये खुशखबरी अपने फैंस के साथ शेयर की है। एक्टर ने पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'वाउ।'

### संजय दत्त ने भी की थी फिल्म की तारीफ

संजय दत्त ने अपनी पोस्ट में लिखा था, 'फिल्म की कहानी अद्भुत है। आर माधवन की एक्टिंग और डायरेक्शन अमेजिंग है। रॉकेट्री द नांबी इफेक्ट की पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं। संजय ने पोस्ट में फिल्म का ट्रेलर भी शेयर किया है।'

### 'रॉकेट्री' ने वर्ल्ड वाइड 8 करोड़ का बिजनेस किया

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 60 करोड़ रुपए के बजट में बनी 'रॉकेट्री: द नांबी इफेक्ट' ने दूसरे दिन 4.5 करोड़ रुपए की कमाई की है। इससे पहले फिल्म ने पहले दिन 4 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। इस हिसाब से फिल्म ने 2 दिन में 8.5 करोड़ रुपए का वर्ल्ड वाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर लिया है। वहीं फिल्म ने हिंदी में करीब 2 करोड़ का बिजनेस किया है।

### 6 भाषा में रिलीज हुई है फिल्म

रॉकेट्री: द नांबी इफेक्ट इसरो के पूर्व रॉकेट साइंटिस्ट नांबी नारायणन की लाइफपर बेस्ड है। इन्हें जासूसी के झूठे आरोप में साल 1994 में गिरफ्तार किया गया था। आर माधवन इसी साइंटिस्ट का किरदार निभा रहे हैं। यह फिल्म 1 जुलाई को रिलीज हुई है। इसकी शूटिंग भारत समेत फ्रांस, कनाडा, जॉर्जिया और सर्बिया में हुई है। यह पैन इंडिया फिल्म 6 भाषा हिंदी, तमिल, तेलुगु, अंग्रेजी, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज हुई है।

# 'गॉडफादर' से सामने आया चिरंजीवी का पहला लुक


साउथ इंडस्ट्री की अपकमिंग फिल्म 'गॉडफादर' रिलीज से पहले ही सुर्खियों में बनी हुई है। सुपरस्टार चिरंजीवी स्टारर यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म की चर्चाएं और फैंस के बीच इसका क्रेज खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। फिल्म दक्षिण भारतीय दर्शकों के साथ-साथ हिंदी बेल्ट के लोगों के लिए भी बहुत खास होने वाली है। क्योंकि इस फिल्म से बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान साउथ इंडस्ट्री में कदम रखने जा रहे हैं, जिस वजह से फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं। अब इस फिल्म को लेकर एक ऐसी जानकारी सामने आई है, जो फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा देगी। दरअसल, मेकर्स ने आज यानी 4 जुलाई को इस फिल्म से चिरंजीवी का पहला लुक जारी कर दिया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### पोस्ट साझा कर किया खुलासा

चिरंजीवी के बेटे राम चरण ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर फिल्म से उनका पहला पोस्टर साझा किया है। पोस्ट को साझा करते हुए अभिनेता ने लिखा, गॉडफादर आ गया है। जारी किए गए पोस्ट में चिरंजीवी का कभी न देखा अंदाज देखने को मिल रहा है। इस फर्स्ट लुक में चिरंजीवी काली पैंट ग्रे कुर्ता और काले चश्मे पहने एक कुर्सी पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। मोहन राजा द्वारा निर्देशित यह फिल्म मेगास्टार चिरंजीवी की 153वीं फिल्म है। इस प्रोजेक्ट से बॉलीवुड एक्टर सलमान खान टॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं, साथ ही नयनतारा भी फिल्म में एक अहम भूमिका में नजर आएंगी।

# अयोध्या के राम मंदिर पर डॉक्युमेंट्री बनाने का एलान, सामने आएगा 500 साल पुराना इतिहास

अयोध्या में राम मंदिर के लिए लोगों ने कितना संघर्ष किया है, ये बात किसी से छिपी नहीं है। धर्मगुरू, राजनेताओं से लेकर आम इंसान तक ने इस मंदिर को बनाने में अपना योगदान दिया है। वहीं, अब इस संघर्ष और बलिदान की कहानी को पर्दे पर दिखाया जाएगा। राम मंदिर आंदोलन पर डॉक्युमेंट्री बनाने की तैयारी चल रही है, जिसके जरिए इस पूरे आंदोलन को लोगों तक पहुंचाया जाएगा। खास बात ये है कि इस डॉक्युमेंट्री फिल्म में इस आंदोलन की हर महत्वपूर्ण कड़ी को दिखाने की कोशिश होगी, जिसके जरिए इस संघर्ष की कहानी हमारी अगली पीढ़ी तक आसानी से पहुंच पाएगी। इतना ही नहीं, डॉक्युमेंट्री फिल्म में प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी भी होंगे।



जानकारी के मुताबिक, इस डॉक्युमेंट्री में साल 1528 से लेकर अब राम मंदिर निर्माण से जुड़ी हर बात को दिखाया जाएगा। इतना ही नहीं, इस फिल्म को बनाने से पहले ही हर बारीकी पर ध्यान दिया जाएगा, ताकि किसी भी तरह के तथ्य में कोई गलती की गुंजाइश ना हो। इसी वजह से इस डॉक्युमेंट्री को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मार्गदर्शन में ही बनाया जाएगा। इस डॉक्युमेंट्री की एक खास बात यह भी है कि इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दिखाई देंगे, जो अपने पूरे राजनीतिक करियर में राम मंदिर के लिए खड़े रहे हैं। डॉक्युमेंट्री में पीएम मोदी का मंदिर भूमि पूजन का दृश्य शामिल किया जाएगा।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने इस डॉक्युमेंट्री पर जानकारी देते हुए बताया कि प्रसार भारती इस फिल्म पर काम कर रहा है। हमारी कोशिश यही है कि फिल्म में हर एक कड़ी को जोड़ा जाए। इस डॉक्युमेंट्री में 1528 से लेकर अब तक के हर दृश्य को दिखाए तब इसे पूरा माना जाएगा। प्रसार भारती द्वारा फिल्म बनाए जाने के बाद हम भी इसे देखेंगे कि कहीं कोई तथ्य गलत ना हो जाए। फिल्म समाज में प्यार और मोहब्बत बढ़ाए और सही तथ्यों की जानकारी आने वाली पीढ़ियों को दे, यह हमारा काम है।

इस डॉक्युमेंट्री पर प्रसार भारती काम कर रही है। दूसरी तरफ श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मार्गदर्शन में इस डॉक्युमेंट्री के लिए वीडियोग्राफी पर काम शुरू हो गया है। राम मंदिर के प्रत्येक चरण की वीडियोग्राफी की जा रही है, जिससे डॉक्युमेंट्री में इस आंदोलन के हर रूप को जोड़ा जा सके। इस डॉक्युमेंट्री फिल्म में सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को भी शामिल किया जाएगा, जिसमें कोर्ट ने राम मंदिर के हक में फैसला सुनाया था।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Pankaj Mobile
Tata Play Connection Available
All Accessories & General Electricals Items
All Types Recharge & DTH, FastTag Recharge
Pankaj Umbre-
Mo.- 9993240894, 7987806710
Shop No.- 4, Jugnu Dera Complex, Adarsh Nagar, Potia Road, Durg (C.G.)

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XI<sup>th</sup> XII<sup>th</sup> B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### हर सोमवार को जनचौपाल में निःशुल्क वितरित किए जाएंगे पौधे

**धमतरी।** वृक्षारोपण को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से वर्षा ऋतु में प्रतिवर्ष उद्यानिकी विभाग द्वारा पौधे वितरित किए जाते हैं। इसी तारतम्य में कलेक्टर पी.एस. एल्मा के निर्देशानुसार उद्यानिकी विभाग द्वारा फलदार पौधे नि:शुल्क वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने जनचौपाल में प्रत्येक सोमवार को आने वाले आवेदकों एवं आवेदकों को पौधे बांटने के निर्देश सहायक संचालक उद्यान को दिए हैं। कलेक्टर ने जनचौपाल के दौरान आए आवेदकों को कलेक्टोरेट परिसर में अपने हाथों से पौधे वितरित किए। साथ ही जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रियंका महोबिया ने भी आवेदकों को नि:शुल्क फलदार पौधे बांटकर इसका शुभारम्भ किया। उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि आज से प्रत्येक सोमवार को फलदार पौधे आवेदकों और आगंतुकों को कुल 1200 फलदार पौधे वितरित किए गए।

### पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का प्रशिक्षण सम्पन्न

**सूरजपुर।** कलेक्टर सुइफ्फ्त आरा के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग सूरजपुर द्वारा महिला जागृति शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है।विगत दिनों ग्राम पंचायत रुनियाडीह में पूर्व माध्यमिक शाला के सभाकक्ष में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रवण सिंह सरपंच रुनियाडीह ने तथा नेतृत्व जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने कहा कि पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का उत्तरदायित्व सभी बच्चों का संरक्षण सुरक्षा, विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य का चिन्ता करना है। बच्चों को भय मुक्त वातारवरण उपलब्ध कराना इस समिति का कार्य है। यह महिला बाल विकास विभाग की समिति है, जिसमें सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इसके सदस्य है। अध्यक्ष सरपंच एवं सचिव ग्राम सचिव है। पलायन की समस्या को रोकना भी पंचायत की जिम्मेदारी है।

# ग्रामीण गौठान जैसी योजनाओं से जुड़े और अपना जीवन बदलेः भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मरवाही विधानसभा के ग्राम कोटमी में चौपाल लगाकर आम जनता से मुलाकात की और कहा कि मैंने बिलासपुर संभाग के दौरे की शुरूआत गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही से कर रहा हूं। जब से मैं गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही क्षेत्र में आया हूं निरंतर बारिश हो रही है।

यह खेती-किसानी के लिए अच्छा है। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के साथ विशेष रूप से वनाधिकार पट्टे की जानकारी ली। उन्होंने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटमी में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, ग्राम सिकोला में सामुदायिक भवन और मिनी स्टेडियम के निर्माण की तथा शारीरिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय पेण्ड्रा का जीर्णोद्धार, घाटबहरा से बम्हनी पहुंच मार्ग में पक्की सड़का का निर्माण और ग्राम पूटा में पंडो बाहुल्य पारा संचार पूटा में सौर ऊर्जा से बिजली और पानी की सुविधा मुहैया कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री को सरपंच श्रीमती हीरामती ने बताया कि शासन की नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना से किसानों को काफी लाभ मिला है। इस योजना से प्रेरित होकर उनके गांव के किसान घर के पीछे खाली जमीन पर सब्जी-बाड़ी लगा रहे हैं, जिससे घर के लोगों को न केवल पौष्टिक एवं ताजी सब्जियां मिल रही हैं बल्कि इनकी बिक्री से कमाई भी हो रही है। धनेश्वर सिंह यादव ने बताया कि गोधन न्याय योजना के तहत 96 हजार रुपये का गोबर बेचा। जिसमें से 32 हजार रुपये का बोरवेल कराया और 40 हजार रुपये से फोटोकॉपी मशीन लेकर बेटे के लिए रोजगार शुरू कराया।

मुख्यमंत्री ने श्री यादव की सराहना करते हुए कहा कि सभी लोग शासकीय योजनाओं का इसी तरह लाभ लें और अपना जीवन बदलते हुए लाभ कमाएं। नवागाँव स्थित गौठान से जुड़ी महिला सदस्य ने बताया कि गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनाने से लेकर गौठान में ही सब्जी उत्पादन का कार्य कर रही हैं।

गौठान से आर्थिक संबलता मिली है। आर्थिक लाभ मिलने के बाद स्व-सहायता समूह अपने परिवार की ज़रूरतों को पूरा करने के साथ ही अपने लिए सोने के आभूषण भी ख़रीद रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठान का लाभ सभी गाँव के लोगों को मिलना चाहिए। गौठान में कई आजीविकामूलक गतिविधियों का संचालन किया जाए, जिससे वे आर्थिक लाभ अर्जन कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि सभी गांव में गौठान खोलने हैं। सामुदायिक सब्जी बाड़ी का विकास सभी ग्रामों में कराया जाएगा।

# चिकित्सा आचार संहिता का अक्षरशः पालन करें विद्यार्थी- राज्यपाल सुश्री उइके

श्रीकंचपथ न्यूज




**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर की व्हाईट कोट सेरेमनी और चरक शपथ समारोह में शामिल हुईं। राज्यपाल व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। इस मौके पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के संचालक डॉ. विष्णु दत्त ने नये विद्यार्थियों को चिकित्सा नैतिकता के पालन के लिए चरक शपथ दिलवाई।

राज्यपाल सुश्री उइके ने व्हाईट कोट सेरेमनी को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप सभी को अथक परिश्रम के उपरांत यह सफलता मिली है और आज उसे साकार होने के हम सभी साक्षी हैं। आपने जिस पेशे का चुनाव किया है, उसे मानवता की सबसे बड़ी सेवा मानी जाती है। आज हर कोई चाहता है कि उसे निरोगी और स्वस्थ शरीर मिले, आगे चलकर इसे पूरा करने में आप सभी का बड़ा योगदान होगा।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि आप जानते हैं कि छत्तीसगढ़ एक आदिवासी बाहुल्य प्रदेश है, जिसमें कई सुदूरवर्ती इलाके ऐसे हैं, जहां स्वास्थ्य सुविधाओं की सुगम पहुंच नहीं है। ऐसे में आप सभी विद्यार्थियों से मेरा आग्रह है कि आप सुदूर जिलों में अपनी सेवाएं दें ताकि इन इलाकों में भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग की पहल पर एम.बी.बी.एस. के प्रथम वर्ष में प्रवेशरत विद्यार्थियों को दिलाये जाने वाले 'हिप्पोक्रेटिक ओथ' को 'चरक शपथ' से बदलने का निर्णय सराहनीय है। इस पहल से विद्यार्थी भारतीय परम्परागत चिकित्सा और इसके गौरवपूर्ण इतिहास से परिचित होंगे। साथ ही यह शपथ चिकित्सा के क्षेत्र में भारत के योगदान का भी सम्मान है। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि आज जिन छात्रों ने 'चरक शपथ' ली है, यह शपथ विद्यार्थियों को अपने कार्य के प्रति और अधिक समर्पित और जिम्मेदार बनाएगा। चरक शपथ डॉक्टरों को खुद से पहले मरीज के बारे में सोचने और कार्य करने के लिए सदैव प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि व्हाईट कोट सेरेमनी के माध्यम से नवआगंतुक विद्यार्थियों को महाविद्यालय के बारे में जानकारी मिली होगी, जो उनके शैक्षणिक अनुभव को और बेहतर बनाने में सहायक होगा। राज्यपाल ने कहा कि आप सभी जब पढ़ाई पूरी कर बतौर चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे, तब आप सीधे तौर पर लोगों से जुड़कर उनकी समस्याओं को दूर कर पाएंगे। यही वह समय होगा जब आप अपने काम से संतुष्ट होंगे और लोगों की खुशी आपमें नई ऊर्जा का संचार करेगी, तभी आपको इस पेशे का वास्तविक उद्देश्य और व्हाईट कोट का महत्व भी पता चलेगा। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय की स्थापना 1963 को हुई थी। मुझे पूरा विश्वास है कि महाविद्यालय के सेवा के इतने वर्षों के गौरवशाली इतिहास को आप सभी निरंतर जारी रखेंगे। यहां प्रतिवर्ष देश भर के 180 एम.बी.बी.एस. स्नातक पाठ्यक्रम और 145 स्नातकोत्तर (एम.डी./एम.एस.) तथा 10 सुपर स्पेश्यालिटी पाठ्यक्रम में विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं। इन पाठ्यक्रमों के बेहतर अध्ययन/अध्यापन के साथ ही महाविद्यालय ने निरंतर शोध कार्य से जुड़े नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं, जो छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि कोविड-19 के विपरीत व चुनौतीपूर्ण समय में इस पेशे से जुड़े लोगों की जिजीविषा ने लाखों लोगों की जिंदगियां बचाई।

# खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए निजी विक्रेताओं पर रखें नजर - कलेक्टर

श्रीकंचपथ न्यूज



राजनांदगांव। कलेक्टर डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि एवं शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि खाद की कालाबाजारी नहीं होना चाहिए। खाद के निजी विक्रेताओं पर नजर रखें और लगातार मॉनिटरिंग करते रहें। उन्होंने खाद-बीज की उपलब्धता, बारिश की स्थिति, रासायनिक खाद एवं वर्मी कम्पोस्ट के उठाव के संबंध में जानकारी ली।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिले के 9 विकासखंडों में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्वामी आत्मानंद स्कूल के संचालन के लिए एक समिति का गठन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल में बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया, शिक्षकों की भर्ती के संबंध में चर्चा की।

सहायक संचालक टीकम ठाकुर ने बताया कि जिले में डीएपी खाद की दो रैक आ गई है। खाद की समस्या नहीं होगी। जिले में 52824.8 मिट्रिक टन खाद का भण्डारण है। किसानों को खाद के विकल्प के संबंध में जानकारी दी जा रही है।

एसएसपी पोटाश एवं यूरिया का उठाव हो रहा है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर प्रतिमा ठाकरे, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ पंकज सोढ़ी, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह, सहायक संचालक शिक्षा आदित्य खरे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जिस घर में प्रेम का वास है वहां धन और यश दौड़े दौड़े आते हैं - राष्ट्रसंत ललितप्रभ जी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग ।** राष्ट्र-संत श्री ललितप्रभ सागर जी महाराज ने कहा कि किसी भी घर की ताकत दौलत और शौहरत नहीं, प्रेम और मोहब्बत हुआ करती है। प्रेम के बिना धन और यश व्यर्थ है। जिस घर में प्रेम है वहाँ धन और यश अपने आप आ जाता है। उन्होंने कहा कि जहां सास-बहू प्रेम से रहते हैं, भाई-भाई सुबह उठकर आपस में गले लगते हैं और बेटे बड़े-बुजुर्गों को प्रणाम कर आशीर्वाद लेते हैं, वह घर धरती का जीता-जागता स्वर्ग होता है। उन्होंने कहा कि अगर भाई-भाई साथ है तो इससे बढ़कर माँ-बाप का कोई पुण्य नहीं है, और माँ-बाप के जीते जी अगर भाई-भाई अलग हो गए तो इससे बढ़कर उस घर का कोई दोष नहीं है।

संतप्रवर सोमवार को सकल जैन समाज द्वारा जिला कचहरी के पीछे स्थित ऋषभ नगर मैदान में आयोजित चार दिवसीय जीने की कला प्रवचन माला के तीसरे दिन हजारों सत्संग प्रेमी भाई बहनों को घर को कैसे स्वर्ग बनाएं विषय पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर आप संत नहीं बन सकते तो सद्गृहस्थ बनिए और घर को पहले स्वर्ग बनाइए। जो अपने घर-परिवार में प्रेम नहीं घोल पाया वह भला समाज में क्या प्रेम रस घोल पाएगा? जो अपने सगे भाई को सहारा बनकर ऊपर उठा न पाया, वह समाज को क्या ऊपर उठा पाएगा? मकान, घर और परिवार की नई व्याख्या देते हुए संतश्री ने कहा कि ईंट, चूने, पत्थर से मकान का निर्माण होता है, घर का नहीं। जहाँ केवल बीबी-बच्चे रहते हैं वह मकान घर है, पर जहाँ माता-पिता और भाई-बहिन भी प्रेम और आदरभाव के साथ रहते हैं वही घर परिवार कहलाता है। चुटकी लेते हुए संतश्री ने कहा कि लोग सातों वारों को धन्य करने के लिए व्रत करते हैं, अच्छा होगा वे आठवां वार परिवार को धन्य करे, सातों वार अपने आप सार्थक हो जाएंगे।

राष्ट्र-संत ने कहा कि हम केवल मकान की इंटिरियर डेकोरेशन पर ही ध्यान न दें, अपितु मकान में रहने वाले लोगों के बोलचाल और बर्ताव सब कुछ सुन्दर हो। उन्होंने माता-पिता को बुढ़ापे में सम्हालने की सीख देते हुए कहा कि जीवन भर वे हमारा पालन पोषण करते हैं, हममें ही अपना भविष्य देखते हैं अपनी सारी शक्ति और औकात हमारे लिए लगाते हैं, अगर वे सरकारी कर्मचारी हैं, तो रिटायर्ड होने पर आने वाली एक मुश्त राशि भी हम पर खर्च करते हैं और मरने के बाद भी अपना सारा धन और जमीन जायजाद बच्चों के नाम करके जाते हैं और स्वर्ग चले जाएँ, तो भी वहाँ से आशीर्वाद का अमृत अपने बच्चों पर बरसाते हैं।

राष्ट्र-संत ने हर श्रद्धालु को पारिवारिक प्रेम के प्रति मॉटिवेट करते हुए कहा- अकेले हम बूँद हैं, मिल जाएँ तो सागर हैं। अकेले हम धागा हैं, मिल जाएँ तो चादर हैं। अकेले हम कागज हैं, मिल जाएँ तो किताब हैं। अकेले हम अल्फाज हैं, मिल जाएँ तो जवाब हैं। अकेले हम पत्थर हैं, मिल जाएँ तो इमारत हैं। अकेले हम हाथ हैं, मिल जाएँ तो इबादत हैं।

घर को मंदिर बनाने की प्रेरणा देते हुए संतश्री ने कहा जहां हम आधा-एक घंटा जाते हैं, उसे तो मंदिर मानते हैं, पर जहाँ 23 घंटे रहते हैं उस घर को मंदिर क्यों नहीं बनाते हैं। उन्होंने कहा कि घर का वातावरण ठीक नहीं होगा तो मंदिर में भी मन में शांति नहीं रहेगी पर हमने घर का वातावरण अच्छा बना लिया तो हमारा घर-परिवार ही मंदिर-तीर्थ बन जाएगा।

# कलेक्टर ने किया ग्राम पैरी में आदर्श गौठान का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज रिमझिम बारिश में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के साथ गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पैरी में आदर्श गौठान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने गौठान में बाड़ी योजना के कार्यों के संबंध में जानकारी लेते हुए समुचित मात्रा में साग-सब्जी एवं फूलों तथा फलदार पौधों का रोपण कर आदर्श उद्यान विकसित करने के निर्देश भी दिए।

इसके लिए उन्होंने उद्यान विभाग के सहायक संचालक को लौकी, करेला, तोराई आदि साग-सब्जियों के अलावा, गेंदे आदि फूल लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने गौठान मे निर्मित मुर्गीपालन शेड का निरीक्षण कर मुर्गीपालन के कार्यों की सराहना की। डॉ. सिंह ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं स्वसहायता समूह के सदस्यों से मुर्गीपालन से होने वाले आमदनी के संबंध में जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों से गौठान में बकरीपालन के कार्यों के संबंध में भी जानकारी ली। महिला स्वसहायता समूह के अगरबत्ती निर्माण शेड का अवलोकन कर अगरबत्ती निर्माण के कार्यों के संबंध में जानकारी ली। स्वसहायता समूह की महिलाओं से प्रतिदिन निर्मित किए जाने वाले अगरबत्ती की संख्या के संबंध में जानकारी लेते हुए इसके उत्पादन को बढ़ाने को कहा। इस दौरान उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के कार्यों का भी अवलोकन किया।

कलेक्टर ने चारागाह के संबंध में जानकारी लेते हुए गौठान से लगे शासकीय भूमि को तत्काल चारागाह के लिए चिन्हित करने के निर्देश मौके पर उपस्थित हल्का पटवारी को दिए। उन्होंने अधिकारियों को जमीन पर तत्काल चारागाह निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही पशुपालन विभाग के अधिकारी को 01 एकड़ भूमि में केवल नेपियर घास लगाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक को इस गौठान को गोद लेकर एक आदर्श गौठान के रूप में विकसित करने के निर्देश भी दिए।

## तामेश्वर बंजारे बने राष्ट्रीय निर्णायक

**राजनांदगांव।** जय भवानी व्यायाम शाला के वरिष्ठबॉडी बिल्डर तामेश्वर बंजारे ने इंडियन फिटनेश बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन (आईएफबीएफ) के नेशनल रैफरीशिप परीक्षा बैंगलोर में आयोजित 2019 में छ.ग. प्रदेश से रैफरीशीप का परीक्षा में भाग लेकर सर्वाधिक अंक से उत्तीर्ण होकर बॉडी बिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक बने। उक्त जानकारी जय भवानी व्यायाम शाला एवं जिला शरीर सौष्ठव संघ के सचिव शेख वसीम ने बताया कि तामेश्वर बंजारे एक अच्छे बॉडी बिल्डर होने के साथ ही अब वे राष्ट्रीय स्तर के बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में निर्णायक के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने 20 वर्षों से कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर अनेकों स्वर्ण, रजत आदि पदक भी प्राप्त किए है।

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

Rajesh Yadav 79870-71513, 97557-11120
Shubh Aqua
The Promise of 100% Pure Water
RO Water Purifier
Free Service RO All Brand
Spare Parts, Wholesale Rate, Sales & Service
KENT RO SALES & SERVICE
Shop No. - 03, Vinoba Nagar, Near, Surya Mall, Junwani Raod, Bhilai

MISCHIEF Men's Store
UPTO 70% OFF
Complete Multibrand Store
Mo.-7999112303
mischieforignals
Shop NO. 7A/5, Ekta Tower Dakshin, Gangotri, Supela, Bhilai (C.G.)

राजहंस राजस्थानी थाली
पार्सल सुविधा
स्वाद घर का.....
राजस्थानी पारंपरिक व्यंजनों की स्वाद का आनंद लें
घड़ी चौक के सामने, गौरी लॉज के नीचे, सुपेला, भिलाई
संतोष शर्मा : 9649604367 देवीलाल शर्मा : 9783391314 प्रतीक दवे : 9752525050

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर, अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### फैक्ट्री का ताला तोड़कर लोहे की प्लेट सहित अन्य सामान की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर (ए)।** खमतराई थाना क्षेत्र की एक फैक्ट्री का ताला तोड़कर चोरों ने लोहे की प्लेट के साथ अन्य सामान पर हाथ मारा है। पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खमतराई थाने में सड्डू शिवाजी पार्क कालोनी निवासी रजत अग्रवाल ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि गोदवारा ममता सोलर फेबीकेशन के नाम से फैक्ट्री है। एक जुलाई को वह रात आठ बजे ताला बंदकर चले गए थे। दूसरे दिन सुबह छह बजे वहां के कर्मचारी ने फोन कर चोरी की सूचना दी। फैक्ट्री के गेट का ताला टूटा हुआ था। फैक्ट्री में रखा सामान जीआई एंगल 150 नग, चैनल 10 नग, राड 12 एमएम, 16 एमएम और 20 एमएम नग और नट बोल्ड की आठ बोरी, लोहे का प्लेट 20 फीस को कोई अज्ञात चोर फैक्ट्री से चुरा ले गया था। कुल 90 हजार के सामान की चोरी की गई।

### घरेलू विवाद में पत्नी ने पति को मारी कैंची

**रायपुर (ए)।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद में पत्नी ने पति पर कैंची से हमला कर दिया। एकता चौक निवासी कमलेश कुमार सेन की रिपोर्ट पर पुलिस ने पत्नी हितैशी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। कमलेश ने पुलिस को बताया कि खम्हारडीह में शनि मंदिर के पास उसकी सेलून दुकान है। दो जुलाई की रात को 10 बजे वह दुकान बंद कर घर पहुंचा तब उसकी पत्नी हितैशी अपनी मां से मोबाइल पर बात कर रही थी। वह अपनी मां को पति से हुए पुराने झगड़े की बात बताते हुए कमलेश को गाली दे रही थी। कमलेश ने गाली देने से मना किया तो घर में रखी कैंची से हितैशी ने कमलेश के बायें हाथ पर वार कर दिया।

### घर के सामने खड़ी दो गाड़ियों में लगी आग, कारण अज्ञात

**रायपुर (ए)।** मौदहापारा थाना क्षेत्र में घर के सामने खड़ी दो दोपहिया वाहनों में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। मौदहापारा दरगाह के सामने गली नंबर एक पर रहने वाले अब्दुल वकील ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करवाई। मिली जानकारी के अनुसार एक जुलाई की रात को अपनी डीओ को पड़ोसी के घर के सामने खड़ी कर वह सो गया था। रात तीन बजे शोर-शराबा सुनकर बाहर निकला तो वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गया था। उसके बगल में रखी सुहेल अहमद की एक्टिवा भी जल गई।

### सूने मकान और मंदिर को बनाता था निशाना, पुलिस ने किया चोर को गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** सूने मकान और मंदिर में चोरी के मामले में खमतराई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के कुछ ही घंटे बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पवन निषाद के पास से सोने के जेवर और मंदिर से चोरी गया सामान जब्त कर लिया गया है। खमतराई थाने में रामजी साहू ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह 30 जून को बेमेतरा घूमने गया था। तीन जून को लौटा तो घर के ऊपर लगी सीमेंट के शीट तो तोड़कर घुसा चोर टीवी, चांदी का पायल, सोने का लाकेट, मंगलसूत्र और अन्य सामान सामान (लगभग 70 हजार) ले गया। इसी तरह बी. रमेश राव ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि तेलुगू पारा ब्रम्हदेहीपारा स्थित शिव मंदिर से तांबे के नाग और उसके ऊपर रखा कलश कोई चुरा ले गया। जांच में जुटी टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी का सामान बेचने के लिए खमतराई बाजार में ग्राहक तलाश रहा है। इस पर पुलिस वहां पहुंची और संदेही पवन निषाद को पकड़कर पूछताछ की। पवन ने दोनों जगह चोरी करना स्वीकार कर लिया।

बेटा-बेटी को पिता ने डुबोकर मार डाला, फिर फांसी लगाई

# पेड़ से लटकता मिला शव, बच्चों को घुमाने की बात कहकर ले गया था

**रायगढ़ (ए)।** रायगढ़ में एक किसान ने अपने 3 और 5 साल के 2 बच्चों की हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली। वह डबरी पर नहाने के बहाने बेटा-बेटी को साथ लेकर गया था। इसके बाद उन्हें उसी में डुबोकर मार दिया और खुद फांसी लगा ली। डबरी से कुछ ही दूर पर उसका शव पेड़ से लटका हुआ मिला। जब भतीजे पिता-पुत्रों को तलाश करते हुए डबरी तक पहुंचे तो वारदात का पता चला। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, ग्राम भुइयापारी निवासी रहने वाला नरेश गुप्ता (35) खेती-किसानी करता है। बताया जा रहा है कि सोमवार दोपहर वह अपने दो बच्चों शौर्य (5) और सिम्मी (3) को घुमाने की बात कहकर बाइक से ले गया था। इसके बाद काफी देर तक नहीं लौटा। शाम होने लगी तो नरेश की पत्नी ने अपने भतीजे को तलाश करने के लिए भेजा। घर से करीब 5 किमी दूर डबरी के पास पहुंचा तो वहां दोनों बच्चों का तैरता हुआ शव मिला। यह देखकर भतीजा घबरा गया और नरेश की तलाश शुरू की। वहां से कुछ दूरी पर ही पीपल के पेड़ से नरेश का शव फांसी से लटका हुआ था। इस पर भतीजा दौड़ता हुआ घर पहुंचा और जानकारी दी। गांव में बात फैली तो हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजन वहां दौड़कर पहुंचे। गांव वाले भी एकत्र हो गए। इसके बाद देर शाम मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने दोनों बच्चों के शव बाहर निकाले और नरेश का शव नीचे उतरवाया।

### पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला

पुलिस को नरेश के पास से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना प्रभारी किरण गुप्ता ने बताया कि परिजन से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन वे कुछ भी बोल पाने की स्थिति में नहीं थे। सोमवार को बयान लेने का प्रयास किया जाएगा। गांव वालों ने पुलिस को बताया कि नरेश नशे का आदी था। परिवार में झगड़े या कलह की जानकारी गांव के लोगों को भी नहीं है।

# लूट की वारदात का ब्रांच मैनेजर निकला मास्टरमाइंड, चेहरे पर छिड़का जहरीला पदार्थ, चश्मे से बची आंख



**रायपुर (ए)।** चेहरे पर मिर्ची पाउडर जैसा जहरीला पदार्थ छिड़ककर लूट का प्रयास करने के पांच आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह तो गनीमत थी कि चश्मे की वजह से प्रार्थी कैशियर की आंख बच गई। मामले का मास्टर माइंड कोई और नहीं, बल्कि उसी की कंपनी का ब्रांच मैनेजर बताया गया है। कोतवाली थाना पुलिस ने ब्रांच मैनेजर और एक नाबालिग सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मो. साहेब सिद्दीकी ब्रांच मैनेजर के अलावा मो. नदीम, सैफ वारसी और मो. रिजवान को गिरफ्तार कर कार्रवाई की।

### यह है पूरा मामला

प्रार्थी नवेद इकबाल सिद्धीकी ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह बैरनबाजार स्थित एबीस एक्सपोर्ट इंडिया में कैशियर के पद पर कार्यरत है और घर से ही अपना कार्यालय संचालित करते हैं। सोमवार को कंपनी की रिटेल ब्रांचों के कलेक्शन की रकम का हिसाब-किताब कर रहे थे। दोपहर 12 बजे जब वह कलेक्शन की रकम गिन रहे थे, उसी दौरान उनके कार्यालय में दो लड़के पहुंचे। उनके हाथ में नोटों के बंडल जैसे पैकेट थे, जिन्हें उन्होंने इकबाल को दिए और कहा कि यह कलेक्शन की रकम है, रख लें।

इकबाल ने जब दोनों से पूछा कि किस ब्रांच से हो तो उन्होंने काउंटर में रखी रकम को लूटने के इरादे से उनके चेहरे पर कोई जहरीला पदार्थ छिड़क दिया। इकबाल ने शोर मचाया तो दोनों लड़के हड़बड़ा कर अपने साथ लाए बंडल को छोड़कर भाग गए। हालांकि वह कागज का बंडल था। आरोपित जिस बाइक से आए थे, उसे भी गए। पीड़ित ने तत्काल थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और गाड़ी के नंबर के आधार पर दोनों आरोपितों को पकड़ा। लड़कों से पूछताछ में मुख्य आरोपित मो. साहेब सिद्दीकी निकला, जो टिकरापारा संतोषी नगर स्थित एबीस एक्सपोर्ट इंडिया कंपनी में ब्रांच मैनेजर है। उसी ने लूट की योजना तैयार की थी। कोतवाली के थाना प्रभारी उमेंद्र टंडन ने कहा, घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल आरोपितों की तलाश में टीम जुट गई थी। मामले का मुख्य आरोपित कंपनी का ब्रांच मैनेजर ही है।

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने पुलिस के पैट्रोलिंग वाहन को मारी टक्कर

**बिलासपुर (ए)।** रविवार की रात हाइवे में ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इससे ट्रेलर में भरा कोयला सड़क में बिखर गया था। इसके कारण एक स्कूटी सवार गिरकर घायल भी हो गया। मौके पर पहुंची यातायात पुलिस की पैट्रोलिंग टीम वहां पर सुरक्षा घेरा लगवा रही थी। इसी दौरान बिलासपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने पुलिस के पैट्रोलिंग वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में पैट्रोलिंग वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भी बाल-बाल बच गए। पैट्रोलिंग वाहन के ड्राइवर ने इसकी शिकायत कोनी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर ट्रेलर के चालक की तलाश कर रही है।

यातायात थाने में पदस्थ आरक्षक महेंद्र कुमार की ड्यूटी हाइवे पैट्रोलिंग में है। वे पैट्रोलिंग वाहन को दो महीने से चला रहे हैं। रविवार की रात उनकी ड्यूटी लोखंडी से कर्रा हाइवे में थी। रविवार की रात दो बजे गतौरी स्थित वृंदावन ग्रींस के पास एक कोयले से भरा एक ट्रेलर क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें भरा कोयला हाइवे में बिखर गया था। सड़क पर बिखरे कोयले की वजह से एक स्कूटी सवार भी गिरकर घायल हो गया था। इसकी सूचना पर पैट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने घायल स्कूटी सवार को उठाकर किनारे किया। साथ ही दुर्घटना ग्रस्त ट्रेलर के पास सुरक्षा घेरा लगवा रहे थे।

इसी दौरान सेंदरी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक सीजी 22 वी 4590 के ड्राइवर ने पैट्रोलिंग वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में पैट्रोलिंग वाहन का चक्का फट गया। वाहन पलटकर सड़क से उतर गया। हादसे के दौरान वाहन में कोई पुलिसकर्मी सवार नहीं था। सभी सड़क पर खड़े थे। इसके कारण उनकी जान बाल-बाल बच गई। घटना के बाद पुलिसकर्मी जब तक कुछ समझ पाते ट्रेलर का चालक वहां से फरार हो गया। पैट्रोलिंग वाहन के ड्राइवर ने मामले की शिकायत कोनी थाने में की है। इस पर जुर्म दर्ज कर ट्रेलर चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस ने दुर्घटना कारित ट्रेलर को जब्त कर लिया है।

13 साल की लड़की से दुष्कर्म कर बनाया न्यूड वीडियो

# ब्लैकमेल कर 6 माह तक करता रहा दुष्कर्म बड़ी बहन ने बिलासपुर में दर्ज कराई एफआईआर

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में 13 साल की लड़की का न्यूड वीडियो बनाकर उससे दुष्कर्म करने वाले युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। युवक ने पहले लड़की को ब्लू फिल्म दिखाई और फिर उससे दुष्कर्म किया। इस दौरान उसका न्यूड वीडियो भी बना लिया। आरोपी ब्लैकमेल कर लड़की से छह माह तक दुष्कर्म करता रहा। लड़की की बड़ी बहन को इसकी भनक लगी, तब उसने चाइल्ड लाइन की मदद ली और पुलिस से शिकायत कर दी। मामला सरकंडा थाने का है।




जानकारी के अनुसार सरकंडा क्षेत्र की 13 साल की लड़की 7वीं कक्षा की छात्रा है। मोहल्ले के युवक का उसका घर आना-जाना था। इस दौरान लड़की को देखकर युवक की नीयत बिगड़ गई। छह महीने पहले युवक अपने घर में अकेला था, तभी उसने मौका पाकर लड़की को घर बुला लिया। इस दौरान कमरे में ले जाकर उसे ब्लू फिल्म दिखाई। इसके बाद उसे बहका कर उससे दुष्कर्म किया। इस दौरान वीडियो बनाया और ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

### दो दिन पहले युवक ने बुलाया घर, तो चला पता

दो दिन पहले युवक ने लड़की को धमकी देकर अपने घर बुलाया। डरी सहमी लड़की उसके घर चली गई। इसकी जानकारी लड़की की बड़ी बहन को हुई। तो उसने छोटी बहन से पूछताछ की। पहले वह अपनी बड़ी बहन को भी इस घटना की जानकारी देने से कतराती रही। समझाइश और मनोबल बढ़ाने के बाद उसने आप बीती सुनाई। तब बड़ी बहन से चाइल्ड लाइन की मदद ली और अपनी बहन की काउंसिलिंग कराने के बाद उसे लेकर सरकंडा थाने पहुंची।

### टीआई बोले- केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही

सरकंडा टीआई उत्तम साहू ने बताया कि पीड़ित लड़की का बयान दर्ज करने के बाद आरोपी युवक के खिलाफ धारा 376 और पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस ने दबिश भी दी है। लेकिन, आरोपी युवक फरार हो गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

# ढाबा का ताला तोड़कर फ्रिज और बर्तन ले गए चोर

**बिलासपुर (ए)।** एक महीने से बंद ढाबे का ताला तोड़कर चोरों ने फ्रिज और बर्तन समेत अन्य सामान पार कर दिया। ढाबा संचालक ने इसकी शिकायत रतनपुर थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है। रतनपुर क्षेत्र के खैरखुंडी में रहने वाले द्वारिका प्रसाद भारद्वाज आटो चालक हैं। पहले वे खैरखुंडी बाइपास में लाइन ढाबा का संचालन करते थे। एक महीने से उन्होंने ढाबा बंद कर दिया है। ढाबे का सामन एक कमरे में रखकर उसमें ताला लगा दिया था। रविवार को उनके भाई संतोष और मदन ने फोन कर बताया कि ढाबे के सामान वाले कमरे का ताला टूटा है। अंदर रखा सामान भी कम दिख रहा है। इस पर द्वारिका अपने घर पहुंचे। उन्होंने ढाबे में जाकर देखा तो कमरे से दो फ्रीज, एक डीप फ्रीजर, छह सिंलिंग फैन, तीन सिंक टैंक, बर्तन, दो मिक्सी, दो छोटा आलमारी, चार तखत, तीन डाइनिंग टेबल गायब था। उन्होंने सोमवार को इसकी शिकायत रतनपुर थाने में की।

# ताला तोड़कर किराना दुकान और मकान से नकदी और जेवर पार

**बिलासपुर (ए)।** सरकंडा क्षेत्र के चिंगराजपारा अशोक विहार में चोरों ने ताला तोड़कर किराना दुकान और मकान से जेवर और नकदी रकम पार कर दिया। अशोक विहार सरकंडा में रहने वाले नीरज साहू घर में ही किराना दुकान चलाते हैं। रविवार की सुबह वे मकान में ताला लगाकर रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए रायगढ़ जिले के खरसिया चले गए थे। सोमवार की सुबह 11 बजे जब वे लौटे तो मकान का ताला टूटा था। ताला तोड़कर घुसे चोरों ने कमरे में रखी आलमारी से चांदी की पायल, किराना दुकान के गल्ले में रखे दो हजार रुपये नकद पार कर दिया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।


राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Authorised For: SOMANY Wall & Floor Tiles | JOHNSON Not just tiles, Lifestyles. | orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095


## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,

**लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**

**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 103195 चतुर्थ आमंत्रण 27.06.2022 | जिला दुर्ग के भानपुरी से कोकड़ी मेला स्थल पहुँच मार्ग लंबाई 2.27 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 631.61 |
| 2 | 103341 पंचम आमंत्रण 27.06.2022 | उपसंभाग प्रेमनगर एवं सूरजपुर अन्तर्गत जूर-पीढ़ा मार्ग कि.मी. 3.20 ,कंचनपुर -फुनकोना मार्ग कि.मी. 1 से 2 =2.00, केदारपुर पहुंच आर्ग कि.मी. 1 से 2 =2.00, कोट आमगांव मार्ग कि.मी. 1 से 3/6 =2.60 कि.मी.,पवनपुर बिठियापारा परमेश्वरपुर मार्ग कि.मी. 1 से 6/4 =5.30 कि.मी.,कृष्णपुर से नवापारा मार्ग 2.60 कि.मी., मकरबंधा अर्जुनपुर मार्ग कि.मी. 1 से 4 = 4.00 कि.मी. में बी.टी. रिनीवल का कार्य। | 272.92 |
| 3 | 103686 द्वितीय आमंत्रण 27.06.2022 | नाबार्ड योजनान्तर्गत् जिला कोण्डागांव के मिचिपारा मांझीपारा से डोंगरीपारा मार्ग (लंबाई कि.मी. 1/2 से 6/4 = 5.30) का निर्माण कार्य। | 646.05 |
| 4 | 103669 द्वितीय आमंत्रण 27.06.2022 | नाबार्ड योजनान्तर्गत जिला कोण्डागांव के कोपरा से टाटीपारा (ढोन्डरा) क्रासिंग सहित मार्ग लंबाई 9.10 कि.मी. निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित। | 967.21 |
| 5 | 103351 द्वितीय आमंत्रण 28.06.2022 | जिला सरगुजा के शासकीय आई.टी.आई. लुण्ड्रा में संस्था भवन का निर्माण कार्य। (वर्क कोड-W18112) | 330.35 |
| 6 | 103825 तृतीय आमंत्रण 28.06.2022 | जिला दुर्ग के उतई-उमरपोटी मुख्य मार्ग श्मशान घाट होते हुए नेहरू नगर चौक जय स्तभ उमरपोटी मार्ग लंबाई 1.95 कि.मी. निर्माण कार्य। | 566.84 |
| 7 | 103834 द्वितीय आमंत्रण 28.06.2022 | जिला बेमेतरा के ग्राम पथर्रा 200 बंदी खुली जेल निर्माण, वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। | 2075.73 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि स.क्र. 01, स.क्र. 02, स.क्र. 06 दिनांक 11.07.2022 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 14-07-2022 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
नवा रायपुर अटल नगर

जी-92678/9


भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey | AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### पटेल चौक में वाहन दुर्घटना से दो लोगों की मौत, बदहाल यातायात व्यवस्था का प्रमाण - जितेन्द्र वर्मा

**दुर्ग।** पटेल चौक में सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने गहरा आक्रोश जताते हुए कहा है कि ये शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था का जीता जागता प्रमाण है। इस घटना पर उन्होंने गहरा दु:ख जताते हुए कहा कि शोक संतप्त परिवार के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट गया है। शोक संतप्त परिवार के दुख की इस घड़ी में ईश्वर उन्हें संबल प्रदान करे, जिला भाजपा परिवार उनके दुख में सहभागी है। वर्मा ने कहा कि यातायात व्यवस्था की बदहाली के कारण लोगों की मृत्यु होना आम बात हो गई है किंतु इसमें सुधार करने का कोई प्रयत्न पुलिस विभाग की ओर से दिखाई नहीं देता है। शहर के अधिकांश ट्रैफिक सिग्नल बंद पड़े हैं, भाजपा शासनकाल में जो ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए थे। उनका मेंटेनेंस तक नहीं हो पा रहा है। जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि दुर्ग शहर की खस्ताहाल सड़के एवं यातायात व्यवस्था दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार है।

### जनदर्शन, जनता और प्रशासन के बीच सीधे संवाद का माध्यम-कलेक्टर

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने ठीक सुबह 10 बजे अपने चेंबर में दस्तक देकर कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारियों व अन्य लोगों के साथ भेंट मुलाकात की और समन्वय स्थापित करके सकरात्मक दिशा में कार्य करने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने आमजन से सीधे सरोकार रखने वाले जनदर्शन की शुरूआत की। इसके अंतर्गत उन्होंने उपस्थित प्रत्येक आवेदकों को वस्तु-स्थिति अनुरूप समय दिया। जनचौपाल में आवेदकों ने बारी-बारी अपनी समस्या रखी जिसमें ईडब्लूएस की जमीन पर अवैध कब्जे का प्रकरण कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत हुआ। जिसमें आवेदक बेनाम था, उसने अपने आवेदन में आशीष नगर पश्चिम रिसाली भिलाई के लिंक रोड क्रमांक 14 के पास ईडब्लूएस की जमीन पर अनाधिकृत लोगों द्वारा अवैध निर्माण को लेकर आवेदन में सूचना दी थी। उसने बताया कि यह सूचना पिछले वर्ष उसके द्वारा पूर्व में भी दी जा चुकी है। पिछले वर्ष यहां किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ था। परंतु इस वर्ष पिछले सप्ताह से ही यहां असामाजिक तत्वों द्वारा यह निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। आवेदक सुरक्षा कारणों से अपने नाम को उजागर नहीं कराना चाहता। इसका नक्शा भी उसने संलग्न किया है।

प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील

# महापौर नीरज पाल ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

### प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने निगम एवं बीएसपी ने छेड़ी मुहिम

भिलाई। प्रतिबंधित प्लास्टिक तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील के साथ महापौर नीरज पाल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, लोक कर्म विभाग के प्रभारी एवं एमआईसी सदस्य एकांश बंछोर ने आज हरी झंडी दिखाकर प्रचार रथ को रवाना किया। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बीएसपी के द्वारा आज महात्मा गांधी कला मंदिर में सांस्कृतिक संध्या के तहत रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है।




रात्रि 7:30 बजे से 9:30 बजे तक कार्यक्रम का वृहद आयोजन किया गया है। जिसमें डॉक्टर सरिता साहू द्वारा निर्मित फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आईकॉनिक विक मनाया जा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के योगदान पर प्रोफेसर डॉक्टर किशोर कुमार अग्रवाल द्वारा व्याख्यान एवं अमर शहीद ठाकुर वीर नारायण सिंह पर निर्मित फिल्म का प्रदर्शन कला मंदिर में आज रात होगा इसके साथ ही सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है।

प्रचार रथ के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के तहत भारत की मजबूत अधोसंरचना निर्माण में सेल इस्पात की भागीदारी को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। प्रचार रथ को रवाना करने के दौरान जीएम आईसी टीईडी संजय कुमार एवं महापौर के निज सचिव वसीम खान मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम भिलाई सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग, विक्रय, परिवहन, विनिर्माण नहीं करने को लेकर अभियान चला रही है, निगम एवं बीएसपी दोनों ही प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने मुहिम चला रही है।

इसी को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रचार रथ के रवाना होने से यह निगम क्षेत्र के गली, मोहल्ले एवं बाजार क्षेत्रों में प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संदेश प्रसारित करेगी।

# निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने भिलाई निगम चार्ज लेते ही विभागों का किया औचक निरीक्षण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने भिलाई निगम का चार्ज संभालते ही विभागों का औचक निरीक्षण किया। बारिश में भी उन्होंने विभागों के कार्य प्रणाली का जायजा लिया।

अधिकारी/कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करने के बाद निगमायुक्त ने मुख्य कार्यालय के समस्त विभागों का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों एवं अधिकारियों को दिए गए दायित्व के निर्वहन की जानकारी ली। उन्होंने स्टेनो टू आयुक्त कक्ष, संपत्तिकर एवं संपदा विभाग, रिकॉर्ड रूम, भवन अनुज्ञा विभाग, लोक सेवा केंद्र के काउंटर, टैक्स कलेक्शन सेंटर, राजस्व विभाग, सचिवालय, स्वास्थ्य विभाग, जन सूचना विभाग, योजना विभाग, लेखा विभाग, स्थापना शाखा, अधीक्षण अभियंता कक्ष एवं पेंशन शाखा, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन इत्यादि महत्वपूर्ण विभागों का निरीक्षण किया।

उन्होंने इस दौरान पेंशन से संबंधित पेंडिंग कार्यों की जानकारी ली, कमजोर वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित दावा-आपत्ति के बारे में पूछा, स्वास्थ्य अधिकारी से उन्होंने स्वास्थ्य से संबंधित कार्यों की जानकारी ली।

# सेंट थॉमस महाविद्यालय, भिलाई में सेंट थॉमस दिवस पर समारोह आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय, भिलाई के संरक्षक संत, सेंट थॉमस का अवतरण दिवस महाविद्यालय के गिरजाघर में पूरी पवित्रता के साथ मनाया गया। इस विशेष दिन का आरंभ सेंट थॉमस को स्मरण करते करते हुए पवित्र प्रार्थना के साथ हुआ। इसा मसीह के शिष्यों में से एक महान शिष्य सेंट थॉमस ने अपना जीवन गरीबों के उत्थान एवं उनकी शिक्षा दीक्षा में समर्पित किया।

उन्होंने समाज में प्रेम, शांति, भाईचारा एवं मानवता का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ जोशी वर्गीस ने सभा को संबोधित करते हुए सेंट थॉमस के जीवन के आध्यात्मिक गुणों का वर्णन किया और कहा कि इसा मसीह के एक महान शिष्य के रूप में सेंट थॉमस ने संपूर्ण देश में इसा मसीह के ज्ञान का प्रचार प्रसार किया। सेंट थॉमस




महाविद्यालय परिवार की ओर से जूलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ जयश्री बालसुब्रमनियम ने सेंट थॉमस के जीवन के बारे में बताते हुए उनके आध्यात्मिक यात्रा की जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों ने गिरजाघर से मंदिर तक जुलुस में भाग लेकर नए शैक्षणिक सत्र के लिए संरक्षक संत सेंट थॉमस का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# नए आयुक्त सर्वे पहुँचे गोकुल नगर गौठान, अधिकारियों के साथ लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत पुलगांव गोकुल नगर स्थित गौठान गोकुल नगर में आयुक्त प्रकाश सर्वे पहुँचे। इस दौरान सहायक अभियंता वीपी मिश्रा,उपअभियंता विनोद मांझी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ उन्होंने सम्पूर्ण गौठान का भ्रमण कर सभी उत्पादों का बारिकी से अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए ।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशा के अनुरूप गौठान को संचालित करने तथा गौठान के हर क्षेत्र का अच्छे से उपयोग कर मुर्गी पालन, बतख पालन, दूध उत्पादन जैसे कार्य भी किये जा रहे है। गौठान में कार्यरत कल्याणी महिला स्व सहायता समूह को घरेलू उत्पाद को बढ़ावा देने लगातार विभिन्न कार्य किए जा रहे है। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने गौठान के संबंध में स्व सहायता समूह गायत्री धोटे से चर्चा कर जानकारी ली। उन्होंने बताया कि गोधन न्याय योजना को एक महत्वकांक्षी परियोजना बताया एवं इस परियोजना के तहत गौठान एक लधु औद्योगिक केंद्र की तरह विकसित हो ऐसा प्रयास करने के लिए कहा,मत्स्य पालन,अदरक हल्दी कोचई की खेती,आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों का एक नर्सरी साथ ही पंचगव्य से बनी चीज़े जैसे धूपबत्ती, दीये,गोनाइल, गमले, राखियाँ, वाल हैंगिंग, मूर्तियां, जैविक खाद, जीवामृत, घनामृत एवं अन्य उत्पादों को बड़े स्तर पर बनाने एवं विपणन की बात कही आयुक्त सर्वे ने महिलाओं को अधिक स्वावलंबी बनाने की ओर वृहद रूप से कार्य करने को कल्याणम महिला स्व सहायता समूह की प्रशंसा की एवं आने वाले समय मे रोज़गार के माध्यम से एक आदर्श गौठान बनाने की बात कही। जनसंपर्क विभाग/राजू बक्शी



झड़ी लगते ही विधायक ने किया शहर भ्रमण, देखी ड्रेनेज समस्याएं

# निर्माण कार्यों के कारण हो रहे जल भराव को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** मानसून के आगमन के साथ ही दुर्ग शहरी क्षेत्र में झमाझम बरसात हुई इस दौरान तकरीबन 4 घंटों तक वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा भारी बारिश के बीच क्षेत्र में घूम घूम कर लोगों से मिलते रहे एवं शहर में चल रहे निर्माण कार्यों के कारण हो रही ड्रेनेज समस्याओं का जायजा लिया।

नया बस स्टैंड, गौरव पथ, मुक्तिधाम मार्ग, दीपक नगर, अग्रसेन चौक में हो रहे जल भराव को लेकर वोरा ने नगर निगम एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता को पहली बरसात से ही जल भराव की समस्या से जूझना पड़ रहा है यह दुर्भाग्यपूर्ण है। जन सुविधाओं के लिए ही जारी निर्माण कार्यों के कारण कुछ असुविधाएं समझ मे आती हैं किंतु नाले नालियों की सफाई एवं पानी निकासी के लिए पर्याप्त व्यवस्था का आभाव ना रखा जाए। गौरव पथ के चौड़ीकरण में पेड़ गिरने से सौभाग्य से जनहानि नहीं हुई किन्तु इस तरह की लापरवाही की पुनरावृत्ति रोकने पर्याप्त कदम उठाए जाएं। नालियों के निर्माण में बिना वाटर लेवल लिए कार्य करने से ही जल भराव की नौबत आती है, प्रमुख मार्गो के दोनों ओर नाली निर्माण में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लगातार शासन से राशि लाने एवं प्रमुख नालों का सुदृढ़ीकरण करवाने के बाद भी जल जमावड़े से लापरवाही उजागर होती है । निगम प्रशासन बाढ़ राहत केंद्र की स्थापना के साथ ही निचली बस्तियों में 24 घंटे निगरानी करे । आम जनता को किसी भी तरह की असुविधा ना होने दिया जाए।



स्वरोजगार करने वाली रिसाली की महिलाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

# आयुक्त ने अधिकारियों को दिया टॉस्क, नेवई गोठान में महिलाएं कर रही हल्दी की खेती

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। रिसाली नगर पालिक निगम आयुक्त आशीष देवांगन नेवई गोठान पहुंचे। महिलाओं द्वारा की जा रही हल्दी की खेती का निरीक्षण किया। आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऋण उपलब्ध कराकर औपचारिकता पूरी न करे, बल्कि समय पर विशेषज्ञों से प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराएं।



आयुक्त लगभग घंटे भर से अधिक समय तक गोठान में रहे। उन्होंने ऐसे समूह की महिलाओं से चर्चा की जो ऋण लेकर सब्जी की खेती कर अपने पैरों पर खड़ी हो रही है।

आयुक्त ने कहा कि छोटे-छोटे हिस्से और अलग किस्मों में सब्जी की खेती करे। ताकि बाजार की वास्तविक स्थिति ज्ञात हो। इसके बाद बड़े पैमाने में उत्पादन करे। उन्होंने जिमीकंद और हल्दी की खेती करने वाली महिलाओं को विशेषज्ञों से प्रशिक्षण लेकर आगे का कार्य करने निर्देश दिए। आयुक्त ने आजीविका मिशन के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था करने कहा।

### सुरक्षा पहले

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कहा कि गोठान के बाहरी हिस्से में सुरक्षा की आवश्यकता है। खुला क्षेत्र होने की वजह से सब्जी की फसल को मवेशी खराब कर सकते है। असामाजिक तत्व भी प्रवेश कर क्षति पहुंचा सकते है। आयुक्त ने उपअभियंता को टॉस्क देते कहा कि वे दस दिनों के भीतर आहता निर्माण करे।

### महिलाएं करेंगी डेयरी संचालन

आयुक्त ने कहा कि शहरी गोठान नेवई को निगम आदर्श गोठान के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। यहां पर महिलाएं शीघ्र ही डेयरी संचालन का भी कार्य करेंगी। उल्लेखनीय है कि नेवई गोठान में बकरी पालन, वर्मी खाद बनाने, गोबर से कंडा व गोकाष्ठ बनाने के अलावा महिलाएं मुर्गी पालन कर रही है।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950